


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच नई पहल

ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 128 | ग्वालियर शनिवार, 25 फरवरी 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए




## एक नजर

### क्रिकेट पर सियासत तेज जयंत चौधरी की आई प्रतिक्रिया



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश विधानसभा में बजट सत्र के दौरान समाजवादी पार्टी प्रमुख और नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को योगी सरकार को कई मुद्दों पर घेरा है. इतना ही नहीं सपा अध्यक्ष ने सीएम योगी आदित्यनाथ को लखनऊ स्थित इकाना स्टेडियम में क्रिकेट मैच खेलने आने का चैलेंज भी दिया. जिसपर अब आरएलडी प्रमुख जयंत चौधरी की प्रतिक्रिया आई है. इस दौरान पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि क्यों न हमारा एक मैच हो जाए इकाना स्टेडियम में, मैं नेता सदन को बताना चाहूंगा जितने बॉल आप फेंकोगे उतने छक्के मारूंगा. इस बीच अब जयंत चौधरी ने भी क्रिकेट मैच खेलने की इच्छा जाहिर कर दी है. आरएलडी प्रमुख ने इस संबंध में एक ट्वीट कर लिखा, क्रिकेट मैच होगा तो मैं भी खेलूंगा. अपने इस ट्वीट को उन्होंने अखिलेश यादव को टैग भी किया. दरअसल, अखिलेश यादव योगी सरकार के दौरान इकाना स्टेडियम में हो रहे आयोजनों पर विधानसभा में तंज कस रहे थे. इस दौरान सीएम योगी के मैच देखने इकाना स्टेडियम जाने पर सपा प्रमुख ने कहा, लखनऊ के इकाना स्टेडियम को बनाया हमने लेकिन गए सबसे ज्यादा नेता सदन है. मुझे इस बात की खुशी है. नेता सदन को देखकर लगा कि वे लोगों से कह रहे हैं कि ये मैंने नहीं बनाया है. गौरतलब है कि 2017 में योगी कैबिनेट का शपथ ग्रहण और फिर 2022 में योगी सरकार 2.0 के कैबिनेट का शपथ ग्रहण लखनऊ के इकाना स्टेडियम में हुआ था. इसके बाद बीते दिनों इंडिया और न्यूजीलैंड के मैच में भी सीएम योगी स्टेडियम गए थे. अखिलेश यादव ने अपने संबोधिन में इस बात का भी जिक्र किया. बता दें कि इस बार स्टेडियम में आईपीएल के मैच भी होंगे. अभी तक स्टेडियम में केवल इंटरनेशनल मैच हो रहे थे.

### अमेरिका समेत पश्चिमी देशों पर चीन का निशाना



**नई दिल्ली।** रूस-यूक्रेन युद्ध को शुक्रवार (24 फरवरी) को एक वर्ष पूरे हो गए, लेकिन अब भी दोनों देश एक दूसरे के खिलाफ मोर्चा संभाले हुए हैं. युद्ध के दौरान दोनों देशों को भारी जान और माल का नुकसान हुआ है. यूक्रेन को अमेरिका के नेतृत्व में पश्चिमी देशों से खूब सहयोग मिला. उधर चीन ने रूस का साथ दिया. यूक्रेन संकट को लेकर बुलाए गए संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के विशेष सत्र में चीन ने यूक्रेन की मदद करने वाले देशों पर निशाना साधा. इसके साथ ही परमाणु युद्ध को लेकर आगाह किया. चीन ने कहा कि हथियार भेजने से शांति नहीं आएगी, इस बात के सबूत युद्ध में एक साल में मिले हैं. बता दें कि कुछ ही दिनों पहले संयुक्त राज्य अमेरिका और नाटो ने रूस को सैन्य समर्थन देने के खिलाफ बीजिंग को चेतावनी दी थी. इस दौरान चीन ने कहा कि यूक्रेन संकट अभी भी बढ़ रहा है. हम इससे बहुत चिंतित हैं. सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना चाहिए. परमाणु हथियारों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, परमाणु युद्ध नहीं लड़ा जा सकता.

**चीन ने इन आरोपों को किया खारिज**–बताते चले की रूस के आक्रमण के बाद से पश्चिमी देशों ने यूक्रेन को अरबों डॉलर के हथियार मुहैया कराए हैं. साथ ही संयुक्त राज्य अमेरिका और नाटो ने पिछले हफ्ते चीन पर रूस को हथियारों की आपूर्ति करने पर विचार करने का आरोप लगाया था और बीजिंग को इस तरह के कदम के खिलाफ चेतावनी दी. हालांकि चीन ने आरोपों को खारिज किया है. यूएन में चीन के उप राजदूत दाई बिंग ने पश्चिम देशों पर निशाना साधते हुए कहा कि यूक्रेन को हथियार भेजने से शांति नहीं आएगी. यह आग में घी डालने जैसा है और इससे केवल तनाव बढ़ेगा. उन्होंने कहा कि संघर्ष को लंबा खींचने से आम लोगों को और भी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी. अंतरराष्टीय समुदाय को रूस-यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की पहल करनी चाहिए. हम एक बार फिर दोहराते हैं कि कूटनीति और बातचीत से ही संकट का समाधान किया जा सकता है.

### दोपहर में खाई मछली, फिर गए मंदिर, कर्नाटक कांग्रेस का बीजेपी के सीटी रवि पर आरोप

**नई दिल्ली।** कर्नाटक कांग्रेस ने बीजेपी के राष्टीय महासचिव सीटी रवि पर मांसाहारी भोजन करने के बाद मंदिर में प्रवेश करने का आरोप लगाया है. दरअसल, 19 फरवरी को सीटी रवि के भटकल के एक मंदिर में जाने के बाद विवाद छिड़ गया. कांग्रेस का आरोप है कि पहले रवि भटकल विधायक सुनील नाईक के घर गए यहां उन्होंने दोपहर के खाने में मछली खाई.



इसके बाद उन्होंने बीजेपी कार्यालय दौरा किया और फिर वही से राजंगना नागबाना मंदिर पहुंचे. सीटी रवि का एक फोटो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इसमें वह एक जैसे कपड़ों में पहले मछली खाते हुए नजर आ रहे हैं. इसके बाद मंदिर में पूजा करते. हालांकि, रवि ने कथित तौर पर मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं किया. ताला लगे होने के कारण उन्होंने बाहर से ही प्रार्थना की. वहीं, कांग्रेस ने सीटी रवि पर मंदिर में प्रवेश कर पूजा-अर्चना करने का आरोप लगाया है. उनके दौरे के बाद, कांग्रेस ने मांसाहारी भोजन करके मंदिर में प्रवेश करने के लिए बीजेपी नेता की आलोचना की. जवाब में, सीटी रवि ने स्वीकार किया कि उस दिन उन्होंने मांसाहारी भोजन किया था, लेकिन आरोपों से इनकार किया कि उन्होंने मंदिर परिसर में प्रवेश किया था. सीटी रवि ने कहा कि उन्होंने केवल मंदिर के बाहर से पूजा अर्चना की थी. इस बीच कांग्रेस विधायक प्रियांक खरगे ने बीजेपी पर दोहरे मापदंड का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा, बीजेपी की दो जुबानें हैं. सीटी रवि मांस खाकर मंदिर गए. जब हम ऐसा करते हैं तो यह गलत है, लेकिन जब आप वहां जाते हैं तो यह कैसा न्याय है।

---

#### पीएम मोदी नगालैंड-मेघालय में करेंगे चुनाव प्रचार

# विशाल रैली के साथ तूरा में जनसभा को करेंगे संबोधित



**नई दिल्ली।** मेघालय और नागालैंड में 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार खत्म होने से एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार (24 फरवरी) को पूर्वोत्तर के दोनों राज्यों में प्रचार करेंगे. मेघालय बीजेपी के अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने कहा कि मोदी शिलांग में रोड शो में भाग लेंगे और चुनावी रैली को संबोधित करेंगे. पीएम सुबह 10 बजे दीमापुर में विशाल रैली करेंगे तो वहीं 12 बजे शिलांग में पीएम रोड शो करेंगे जबकि 2 बजे पीएम तूरा में कोर्नाड संगमा के गढ़ में विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे. नगालैंड बीजेपी के प्रवक्ता सप्रालू न्येखा ने कहा कि प्रधानमंत्री नागालैंड के वाणिज्यिक शहर दीमापुर में चुनावी रैली को संबोधित करेंगे. मेघालय और नागालैंड में 27 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले शुक्रवार का प्रचार मोदी का पहला और आखिरी होगा जहां चुनाव प्रचार शनिवार को शाम 4 बजे समाप्त होगा. इससे पहले, प्रधानमंत्री ने त्रिपुरा में तीन चुनावी रैलियों को संबोधित किया था जहां 16 फरवरी को विधानसभा चुनाव हुए थे.एनडीपीपी (नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी) और बीजेपी ने नागालैंड में 2018 का चुनाव 40-20 सीटों के बंटवारे के फॉर्मूले के साथ लड़ा था और गठबंधन के सहयोगियों ने पिछले साल जुलाई में इसी समझ के साथ आगे बढ़ने का फैसला किया था. बीजेपी ने मेघालय की सभी 60 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं. पार्टी ने त्रिपुरा में 55 सीटों पर चुनाव लड़ा था और अपने सहयोगी इंडिजिनस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा को पांच सीटें आवंटित की थीं. पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों में मतगणना दो मार्च को होगी.

# हजारों लोगों की मौत, कस्बे-शहर तबाह, लाखों लोगों का पलायन



**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन के बीच छिड़े युद्ध को 24 फरवरी को एक साल पूरा हो गया. जंग अब दूसरे साल में प्रवेश कर चुकी है और अभी तक दोनों देशों के बीच किसी भी किसी भी मुद्दे को लेकर सहमति नहीं बनी है. पिछले एक साल में इस जंग ने हजारों लोगों की जिंदगियां छीन ली, शहरों और कस्बों को पूरी तरह से तबाह कर दिया, पुतिन के %सैन्य अभियान ने लाखों लोगों को यूक्रेन से पलायन करने पर मजबूर कर दिया. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने देश (यूक्रेन) को कथित तौर पर आजाद कराने की उम्मीद के साथ पिछले साल 24 फरवरी को यूक्रेन पर सैन्य आक्रमण का आदेश दिया था. हालांकि, पुतिन को अभी तक पूरी तरह से इसमें सफलता नहीं मिली है. यूक्रेन के मुकाबले तिनके जैसे देश ने रूसी सैनिकों का हौसले के साथ सामना किया और किसी तरह अपने देश पर नियंत्रण बनाए रखा.

#### जेलेंस्की से मिलेंगे बाइडेन

उधर, रूस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रस्ताव को बेकार बताकर खारिज कर दिया. वहीं वोलोडिमिर जेलेंस्की ने कहा कि प्रस्ताव यूक्रेन के लिए वैश्विक समर्थन का एक शक्तिशाली संकेत था. अमेरिका ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी. व्हाइट हाउस ने कहा कि यूक्रेन को अपना समर्थन दिखाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन वर्षगांठ के मौके पर ल7 नेताओं और जेलेंस्की से मुलाकात करेंगे. बाइडेन इस मुलाकात के बाद रूस के खिलाफ नए प्रतिबंधों की भी घोषणा कर सकते हैं.

#### अब क्या है व्लादिमीर पुतिन का प्लान

इस सबके बीच, एक अहम बात ये है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन जंग को और आगे बढ़ाना चाहते हैं. पुतिन की योजना जंग को और तेज करने की है. इसका उदाहरण है नई मल्टी-वारहेड अंतरमहाद्विपीय बैलिस्टिक मिसाइलों की तैनाती की घोषणा. इसी के साथ, पुतिन ने परमाणु हथियारों के नियंत्रण पर अमेरिका के साथ की गई संधि को भी निलंबित कर दिया है.

### आखिरी वक्त में मंथरा की हुई इतनी बुरी दुर्दशा पानी पिलाने के लिए नहीं था कोई पास

**नई दिल्ली।** ललिता पवार अपने जमाने की बेहद खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक थीं. वह हमेशा हीरोइन बनना चाहती थीं, जिसमें उन्हें कामयाबी भी मिल रही थी. ललिता की जिंदगी में अचानक ऐसा हादसा हुआ, जिसने सबकुछ बदलकर रख दिया और हीरोइन बनने का उनका सपना बिखरकर रह गया. बात साल 1942 की है. फिल्म जंग-ए-आजादी की शूटिंग चल रही थी. फिल्म में को-स्टार भगवान दादा को सीन के लिए ललिता पवार को थप्पड़ जड़ना था. बताया जाता है कि यह थप्पड़ काफी जोरदार था, जिससे ललिता के कान का पर्दा फट गया और उनकी आंख भी खराब हो गई. वहीं, गलत इलाज होने से हालात बिगड़ गए और ललिता के शरीर का एक हिस्सा फालिज का शिकार हो गया. इतना बड़ा हादसा होने के बाद शायद हर कोई टूट ही जाए, लेकिन ललिता ने हिम्मत नहीं हारी. उन्होंने हादसे से उबरने में वक्त तो लगा, लेकिन उन्होंने फिल्मी दुनिया में वापसी की. हीरोइन बनने का सपना तो टूट गया था. ऐसे में ललिता ने कैरेक्टर रोल की तरफ कदम मोड़ दिए. बता दें कि ललिता पवार को असली पहचान रामानंद सागर के पौराणिक सीरियल रामायण से मिली. इस शो में उन्होंने मंथरा का किरदार निभाया और उसमें ऐसी जान फूंकी, जिसे आज तक याद किया जाता है. हालांकि, यह किरदार ही हमेशा के लिए उनकी पहचान भी बन गया. जिंदगी का सपना टूटने पर भी हिम्मत से डटी रही ललिता ने निजी जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे. दरअसल, उनकी शादी गणपतराव पवार से हुई थी, जिन्होंने धोखा दे दिया. गणपत को ललिता की छोटी बहन से इश्क हो गया. इसके बाद ललिता ने राजप्रकाश गुप्ता से शादी कर ली. ललिता की जिंदगी में दिक्कतों का साथ चोली-दामन सा रहा. वह मुंह के कैंसर की चपेट में आ गईं, जिसका इलाज पुणे के अस्पताल में चल रहा था. उनका आखिरी वक्त बेहद खराब रहा. दरअसल, ललिता ने जब अंतिम सांस ली, तब वह अपने बंगले में अकेली थीं और उनके पति अस्पताल में भर्ती थे. उस वक्त ललिता को पानी पिलाने वाला भी कोई नहीं था और 24 फरवरी 1988 के दिन उनका निधन हो गया था. इसकी खबर की जानकारी तीन दिन बाद पता लगी थी. दरअसल, पुलिस ने जब बंगले का दरवाजा तोड़ा, तब उनकी तीन दिन पुरानी लाश मिली थी.



### दिल्ली पुलिस ने बंद बिल्डिंग से 2 बच्चों का किया रेस्क्यू

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए सील की गई इमारत से 2 बच्चों का रेस्क्यू किया है. आरोप है कि दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों ने बिना चेकिंग किए इस बिल्डिंग को सील कर दिया था. इस दौरान दो बच्चे बिल्डिंग में फंसकर रह गए. ये घटना अमन विहार क्षेत्र की है. बच्चे कुछ देर तक इमारत के भीतर ही फंसे रहे. जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सील तोड़कर बच्चों को सकुशल बाहर निकाला. दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की ओर से घोर लापरवाही वाले इस कारनामे से इलाके लोग भौचक्के हैं. ताजा अपडेट यह है कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने दिल्ली के किरण विहार भाग 5 में अपने घर के अंदर फंसे दो बच्चों को इमारतों को सील करने और गिराने की जल्दबाजी में घर के अंदर ही छोड़ दिया था, जिसे सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस ने फौरी कार्रवाई करते हुए दोनों बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया. एमसीडी अधिकारियों द्वारा इमारत को सील कर जाने के बाद स्थानीय लोगों को इमारत में दो बच्चों के होने के संकेत मिले. लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंच सील तोड़कर बच्चों को सकुशल बाहर निकाल लिया. इससे पहले बच्चों के बिल्डिंग के भीतर फंसे होने की सूचना मिलते ही लोगों में हड़कंप मच गया. परिवार और आसपास के लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया. काफी संख्या में लोग मौके पर जमा हो गए. हालांकि, पड़ोसी सोनू अग्रवाल का कहना है कि सुबह साढ़े 10 बजे निगम के सीलिंग वाले आये थे. सीलिंग की टीम ने पहले घंटी बजाई.



### प्राइवेट तस्वीरों को लेकर हुए विवाद में आईएएस रोहिणी सिंधुरी को मिली राहत



**नई दिल्ली।** कर्नाटक में आईएएस रोहिणी सिंधुरी और डी. रूपा के बीच विवाद अभी भी बरकरार है. एक तरफ रोहिणी सिंधुरी ने डी. रूपा पर मानहानि का केस ठोक दिया है. वहीं, अब बेंगलुरु की एक सिविल कोर्ट ने डी. रूपा और लगभग 60 मीडिया संस्थानों को रोहिणी सिंधुरी के खिलाफ झूठे और मानहानिकारक बयान प्रकाशित करने से प्रतिबंधित कर दिया है. बता दें कि दोनों महिला अधिकारियों (रोहिणी सिंधुरी और डी रूपा) के बीच बीते कई दिनों से प्राइवेट तस्वीरों को लेकर घमासान छिड़ा हुआ है. आईपीएस डी रूपा ने रोहिणी सिंधुरी की कुछ प्राइवेट तस्वीरों को सोशल मीडिया पर शेयर कर दिया था और आरोप लगाया था कि उन्होंने पुरुष आईएएस अधिकारियों को ये तस्वीरें भेजी हैं. डी रूपा के आरोपों को रोहिणी सिंधुरी ने सिरे से खारिज किया और उन्हें बदनाम करने का आरोप भी लगाया. इसके बाद, ये बवाल और बढ़ गया, जिसके मद्देनजर सरकार ने दोनों अधिकारियों को बिना पोस्टिंग के ही ट्रांसफर दे दिया. सिविल कोर्ट ने गुरुवार (23 फरवरी) को करीब 60 मीडिया संस्थानों और डी रूपा को समन और प्रतिबंध का आदेश जारी किया. इससे पहले, गुरुवार को ही द्भस रोहिणी सिंधुरी ने डी. रूपा को मानहानि का नोटिस थमाया और एक करोड़ रुपये की डिमांड की. मानहानि के नोटिस में कहा गया कि डी. रूपा को बिना शर्त माफी मांगनी होगी और उसे अपने फेसबुक पेज पर अपलोड करना होगा.

### एमसीडी हाउस में सोए नजर आए कई पार्षद

दिल्ली नगर निगम में मेयर चुनाव के बाद अब स्थायी समिति के 6 सदस्यों के चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और बीजेपी आमने-सामने आ गई. एमसीडी सदन में बुधवार (22 फरवरी) रात से शुरू हुआ हंगामा सुबह तक जारी रहा जिसके बाद सदन की कार्यवाही शुक्रवार 10 बजे तक स्थगित कर दी गई है. दरअसल, स्थायी समिति के चुनाव कराने के तरीके को लेकर दोनों दलों के सदस्यों के बीच हंगामा शुरू हुआ जो हाथापाई तक जा पहुंचा. पार्षद एक दूसरे से धक्का-मुक्की करते दिखे तो कुछ ने बोतलें फेंकी जिस कारण सदन को कई बार स्थगित करना पड़ा. आप और बीजेपी दोनों के सदस्यों ने आरोप लगाया कि दूसरी पार्टी के लोगों ने उन पर प्लास्टिक की बोतलें, सेब और अन्य सामान फेंके. वहीं, मेयर शैली ओबेरॉय ने आरोप लगाया कि भगवा पार्टी के कुछ पार्षदों ने उन पर हमला करने की कोशिश की.




इस दौरान महिला पार्षद भी आपस में भिड़ती नजर आई. सदस्यों के इस हंगामें को देख सदन को बार-बार स्थगित किया गया. वहीं एडिशनल डीसीपी शशांक जायसवाल ने भी हंगामे को देखते हुए सिविक सेंटर का दौरा किया.

# यूक्रेन से बाहर निकले रूस, संयुक्त राष्ट्र में जंग के खिलाफ प्रस्ताव पास

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र महासभा ने गुरुवार (23 फरवरी) को यूक्रेन को लेकर एक प्रस्ताव को मंजूरी दी है. इसमें रूस से यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने और अपनी सेनाएं वापस बुलाने को कहा गया है. यह प्रस्ताव ऐसे समय में आया है जब शुक्रवार को यूक्रेन पर रूसी अभियान को शुरू हुए एक साल हो रहे हैं. अपने सहयोगियों की मदद से बनाया गया यूक्रेन का यह प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र महासभा में 141-7 से पारित हुआ. भारत और चीन ने इस प्रस्ताव के दौरान वोटिंग से दूर रहे. यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने कहा कि यह प्रस्ताव इस बात का सबूत है कि केवल पश्चिम ही नहीं है जो उनके देश का समर्थन करता है. कुलेबा ने कहा, समर्थन बहुत व्यापक है और यह मजबूत होना जारी रहेगा. यह वोट इस तर्क को खारिज करता है कि ग्लोबल साउथ यूक्रेन के पक्ष में नहीं खड़ा है क्योंकि लैटिन अमेरिका, अफ्रीका, एशिया का प्रतिनिधित्व करने वाले कई देशों ने आज पक्ष में मतदान किया. जिन सात देशों ने वोटिंग के खिलाफ मतदान किया, वे बेलारूस, माली, निकारागुआ, रूस, सीरिया, उत्तर कोरिया और इरिट्रिया थे. रूस के सहयोगी बेलारूस ने इसमें संसोधन का प्रस्ताव दिया था जो बुरी तरह से गिर गया.



हालांकि, यह रूस के खिलाफ पिछले पांच प्रस्तावों में उच्चतम वोटिंग नहीं है जो बीते साल 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन हमले के बाद से उसके खिलाफ लाए गए हैं. इसके पहले अक्टूबर में लाए गए प्रस्ताव में रूस के अवैध कब्जे के खिलाफ 143 वोट के समर्थन से प्रस्ताव पास हुआ था. प्रस्ताव पर दो दिनों तक महासभा में चर्चा हुई, जिसमें 75 से अधिक देशों के विदेश मंत्रियों और राजनयिकों ने संबोधित किया. इसमें यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखने के समर्थन में मजबूत आवाज उठी. रूस ने 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन में अपनी सेनाएं भेजकर अभियान शुरू किया था, जो अब तक जारी है. युद्ध में दोनों पक्षों से अभी तक हजारों लोग मारे जा चुके हैं. वहीं, यूक्रेन के कई शहर खंडहर बन चुके हैं. युद्ध के चलते दुनिया भर में खाद्य पदार्थों और ईंधन की कीमतों में वृद्धि देखी गई है. प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान जर्मनी की विदेश मंत्री ने उन देशों से सवाल पूछा जो दावा करते हैं कि पश्चिम इस आग में तेल डाल रहा है. उन्होंने महासभा को बताया, पश्चिम युद्ध नहीं चाहता. इसके बजाय अपनी सारी ऊर्जा और धन स्कूलों को ठीक करने, जलवायु संकट से लड़ने या सामाजिक न्याय को मजबूत करने पर केंद्रित करना चाहता है, लेकिन सच्चाई यह है कि यदि रूस लड़ना बंद कर देता है, यह युद्ध समाप्त हो जाएगा. यदि यूक्रेन लड़ना बंद कर देता है, तो यूक्रेन समाप्त हो जाएगा.

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सामने ठगी का शिकार हुआ खाताधारक

**पुष्पांजली टूडे संवाददाता**

**मालनपुर।** उद्योग क्षेत्र मालनपुर में आजकल ठगोरी करने वालों ने अपने पुत्र के इलाज के लिए सेंट्रल बैंक से निकाले 15 हजार और दो युवक गुमराह कर रुपए लेकर बैंक के सामने से चंपत हो गए लिखित आवेदन में राजकुमार सिंह भदौरिया 24 फरवरी दोपहर को अपने पुत्र के इलाज के लिए सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया से 15 हाजार निकाले थे और जिस लड़के से बैंक बाउचर भरवाया था उसी लड़के ने अपने साथी के साथ मिलकर ठगी का हिकार बनाया समाचार पुलिस थाने में आया जिसमें बताया कि पैसे निकालकर बैंक से बाहर आया था जिस लड़के से बाउचर बनवाया उसी ने वहीं से मूझे अपने पास एक रूमाल में दिया कि हामरे 70 हजार रूपए पकड़ लो मैं आपके अभी दूने पैसे करके दूंगा आप मूझे 15 हाजार रुपए दे दो इसी पर राजकुमार सिंह भदौरिया ने 15 हजार उस लड़के को दे दिए और रुमाल लिए खड़े रहे दोनों रुपए लेकर चंपत हो गए जब भदौरिया ने रूमाल खोल कर देखा तो उस में निकले कागज




के टुकड़े किए ज्ञात रहे कि राजकुमार सिंह भदोरिया निवासी माडेन गांव के रहने वाले हाल मालनपुर जमुना आटो फैक्ट्री में मजदूरी काम करते हैं उनके लड़का कहीं बाहर एक्सीडेंट हो गया है जोकि गंभीर रूप से घायल था उसके इलाज के लिए बैंक से पैसे निकाले थे परंतु थोड़े लालच के में आकर ?15 हजार की ठगी का शिकार सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के बाहर हो गए ज्ञात रहे कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मालनपुर न तो कोई सुरक्षा गार्ड तैनात है नहीं सामने कोई क्वालिटी कैमरा जिससे अपराधियों का फोटो सही आ सके ऐसी लापरवाही पहले भी देखने को मिली है लगभग 4 महीने पहले शीशोन के पुरा के एक सरदार जी का बैग दो अज्ञात लड़कों ने चेंबर से 2 लाख रुपए उठा ले गए थे उसका आज तक पता नहीं चला इस बैंक के सामने से कई बार मोटरसाइकिलों की भी चोरी कि जा चुकी है फिर भी बैंक सुरक्षा को अनदेखा किए हुए हैं मालनपुर पुलिस अब घटना के बाद लगे सीसीटीवी कैमरे खगाल रही है देखने की बात है कि अब भदौरिया के बच्चे का ईलाज कैसे होगा।

# प्रभारी मंत्री श्री सिसौदिया आज पिछोर में

**राकेश परिहार रिपोर्टर पिछोर**



**शिवपुरी।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग तथा जिले के प्रभारी मंत्री महेन्द्र सिंह सिसौदिया एक दिवसीय प्रवास के दौरान 25 फरवरी को शिवपुरी जिले की पिछोर तहसील में आएगें। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 25 फरवरी को दोपहर 11 बजे गुना से पिछोर पहुंचेगे। दोपहर 01 बजे मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री के 3 मार्च को प्रस्तावित भ्रमण के संबंध में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक लेंगे। शाम 4 बजे पिछोर से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

# महिला बाल विकास अधिकारी पिछोर द्वारा किया गया राशन वितरण

**जगदीश पाल रिपोर्टर खनियाधाना**



**शिवपुरी।** पिछोर- की ग्राम पंचायत लभेड़ा में कोमल आदिवासी के यहां आदिवासी बस्ती लभेड़ा में महिला बाल विकास अधिकारी अरविंद तिवारी द्वारा 5 किलो आटा के संग मूंगफली दाना तुवर की दाल एवं चना हितग्राही को प्रदान किया गया जब तिवारी जी से हमारी बात हुई तब उन्होंने बताया कि जो टीवी के मरीज हैं और जिन की दवाइयां चल रही हैं ऐसे लोगों को हम चिन्नित कर राशन उपलब्ध करा रहे हैं जिससे इन लोगों को राशन मिलने से दवाइयों के साथ-साथ यह भोजन भी गुणवत्ता युक्त होगा जिससे इनकी हालत में शीघ्र सुधार आ सके इस मौके पर श्रीमती राम कुमारी झा पर्यवेक्षक एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रैना लोधी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत बीरपुर में विकास यात्रा निकाली गई

## स्वयं सहायता समूह महिला सखी रजक को 10000 की सहायता राशि प्रदान की

पिछोर। पिछोर क्षेत्र अनुविभागीय अंतर्गत ग्राम पंचायत बीरपुर में विकास यात्रा निकाली गई जिसमे स्वयं सहायता महिला सखी रजक को जिला उपाध्यक्ष अमित पटेरिया शंकर भैया द्वारा 10000 की सहायता राशि प्रदान की गई ग्राम पंचायत बीरपुर पंचायत भवन पर विकास यात्रा का कार्यक्रम रखा गया जिसमें समस्त ग्रामीण मुख्य रूप से विकास यात्रा में सम्मिलित हुए साथ ही पिछोर एसडीएम बृजेंद्र यादव ने विकास यात्रा में ग्रामीण लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना एवं ग्रामीण लोगों की समस्याओं का हल् भी क्या विकास यात्रा में सम्मिलित रहे वरिष्ठ अधिकारी एसडीएम बृजेंद्र सिंह यादव, जनपद सीईओ राम प्रकाश कौरसिया, जिला उपाध्यक्ष अमित शंकर सिंह पड़रिया, पूर्व मंत्री भैया साहब लोधी, जिला







उपाध्यक्ष पहलाद सिंह यादव , विद्युत विभाग लाइनमैन, देवेंद्र भार्गव, मयूर कुशवाह पटवारी वीरपुर, सरपंच वीरपुर, वीरेंद्र दुबे, पंचायत सचिव, महेंद्र शर्मा, रोजगार सहायक, पवन पूरोहित, मनोहर सिंह वर्मा, उपसरपंच बीरपुर, वार्ड मेंबर राय सिंह परिहार, एवं समस्त ग्रामीण लोग मुख्य रूप से विकास यात्रा में सम्मिलित हुए विकास यात्रा इन ग्रामों में निकाली गई, ग्राम बीरपुर, चिरोना, नगरेला, प्राणपुरा, देवरी, चिनावल कला, चिनावल खुर्द, दविया कला,कुम्हारा, नीमखेड़ा, कंचनपुर, दबिया जगन, रही,रूपांवरा, कुटावली, बदनपुर ,किशनपुरा, आदि ग्रामों में विकास यात्रा निकाली गई।

# सपा की जिलास्तरीय बैठक सम्पन्न हुई

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष नीरज यादव की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 2 मार्च को भोपाल विधानसभा घेराव को लेकर चर्चा हुई जिसको लेकर के 1 मार्च शाम 5-00 बजे भिंड रेलवे स्टेशन पर समाजवादी पार्टी के सैकड़ो कार्यकर्ता इकट्ठा होकर जिलाध्यक्ष नीरज यादव के नेतृत्व में भिण्ड स्टेशन से ग्वालियर के रास्ते भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे भिंड जिला समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा भिंड जिले के अटेर क्षेत्र के ग्राम उदोतपुरा में करीबन एक महीना पहले एक नाबालिक बच्ची की हत्या कर दी गई थीं जिसका नाम सीता उसकी जिसका अभी तक पुलिस द्वारा कोई सुराग भी नहीं लगा पाई है और समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ हो रहे अन्याय अत्याचार को लेकर भी विधानसभा घेराव भोपाल में रखा जाएग आज अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष असलम खान का सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने स्वागत कर हर्ष व्यक्त किया आज की बैठक में मुख्य अतिथि बीके बौहरे प्रदेश सचिव संचालन जिला महासचिव अशोक डंडोतिया ने किया बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हजूरी सिंह बघेल जिला उपाध्यक्ष दीपक यादव अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष असलम खान,मीडिया प्रभारी सतेन्द्र यादव जिला सचिव जितेन्द्र कुशवाहा, सूरज सिंह यादव फौजी, दिनेश यादव, भीकम सिंह अजमेरी खान, नाथू सिंह बघेल, विकास यादव, अशीष यादव, भरत यादव, नरसी, शिव सिंह चौरसिया, सुरेन्द्र जमहोरिया सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।





# मुंगावली शहर में चल रहा है अवैध सट्टे का कारोबार

**मुंगावली संवाददाता जितेंद्र राय**

1 के 80 देने के लालच में जनता को किया जा रहा है बर्बाद खुलेआम रंग बिरंगी पर्चियां कार्बन कॉपी बना कर दी जा रही है थाने से 200 मीटर की दूरी पर यह कारोबार चल रहा है पुलिस प्रशासन को इस सट्टा कारोबार की खबर है या नहीं लेकिन मुंगावली शहर में हर किसी की जुबां पर चर्चा है और यह का चर्चा का विषय बना हुआ है कहीं ना कहीं खुले में चल रहा सट्टा पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह लगा रहा है।

# एमपी नॉर्थन क्रिकेट टूर्नामेंट कल से सूर्या रोशनी एवं सीजी पावर ग्राउंड खेला जाएगा

**पुष्पांजली टुडे संवाददाता**
**पहलवान सिंह राजावत**

**मालनपुर।** उद्योग क्षेत्र स्थित सूर्या रोशनी एवं सीजी पावर ग्राउंड में कल से एमपी नॉर्थन क्रिकेट टूर्नामेंट की शुरुआत हो रही है जिसमें कल पहला मैच सूर्या रोशनी व एजोनोबल मध्य खेला जाएगा नॉर्थन क्रिकेट टूर्नामेंट में 13 टीम भाग ले रही हैं जैसे कि सूर्या रोशनी,मोनटेज, एजोनोवल, टेवा, जे के टायर, सुप्रीम, सनफार्मा, सी जी पावर, विक्रम बुलर्स ,जे बी मंगाराम एकोन अंतरी ,एस आर एफ, और गोदरेज, आदि बता दें कि यह सभी टीमें एक दूसरे से लीग के 15 मुकाबले खेले जाएंगे जिसमें 8 टीम क्वार्टर फाइनल के मुकाबले खेलेगी जिसमें 4 टीम सेमीफाइनल के खेलने उतरेंगे जो 2 मार्च 2023 को एवं एम् पी नॉर्थन क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल 4 मार्च 2023 को खेला जाएगा यह बता दें कि पिछले 12 वर्षों से लगातार मालनपुर उद्योग क्षेत्र में एमपी नॉर्थन क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।



# पिता की गुहार: जिंदगी भर रहूंगा गुलाम बस मेरी बेटी की ईलाज करा दीजिए

## पिता अमीर है पिता जागीर है जिसके पास ये है वह सबसे अमीर है, कहने को सब ऊपर वाला देता है पर खुदा का ही एक रूप पिता का शरीर है

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

देवभोग के एक गांव सरगीगुड़ा का यह मामला बेहद मार्मिक है। लया ठाकुर मात्र 25 साल की युवती है 7 साल कि उम्र मे लया बैल गाड़ी मे चड़ कर खेल रही थी अचानक गिर पड़ी और बायां पैर की ऐड़ी टूट गई। बेटी की हालत देख पिता ने आनन फानन मे वैध के पास बेटी को लेकर पंहुचे वैध ने औषधि लगाकर वापस भेज दिया। हफ्तों भर बाद भी बेटी का दर्द कम नही हुआ। अब बारी थी गरीबी के नावं मे सवार होकर अथाह गहरे संमदर जैसे मंहगे हास्पिटल के सफर का जांहा पिता मुसाफिर था और बेटी का ईलाज मंजिल लेकिन गरीबी का बेड़ा अक्सर मंजधार मे फंसी मिलती है।समय बितता गया और दर्द के 19 साल बीत गये तब तक लया ठाकुर विकलांग के श्रेणी मे आ चूकि थी। अब कमर भी बैठने लगा है पर डाक्टरों से पूछने पर पता चला ईलाज अब भी संभव है। लया का ईलाज कराने 50 साल के पिता गुनसागर ठाकुर कभी धरमगड़ तो कभी भवानीपटना तो कभी रायपुर के हास्पिटल के चक्कर काट चूके हैं लेकिन ईलाज मंहगे होने के कारण खाली हाथ ही लौटना पड़ा जो कुछ भी जमा पूंजी था वो भी चला गया। लेकिन पिता तो पिता है उम्मीद लगाए अंतराज्यीय ठेकेदारों से संपर्क करना शुरू किया ताकि उनके पास जिंदगी भर बंधुआ मजदूर बन बेटी की ईलाज करा सके। देश आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहा है। लेकिन अब भी समाज में कुछ ऐसी चीजें हो रहीं हैं जिससे दिल पसीज उठता



है।परिवार से मिलने पर इस पेशकश ने मिडिया टीम को भी हैरत में डाल दिया। लया 10 वीं तक कि पड़ाई भी कि है आगे और पड़ना चाहती थी लेकिन हालात और परिस्थितियों ने लया के टूटे हुए ऐड़ी पर जंजीरो से जकड़ लिया। लया ठाकुर के परिवार मजदूरी कर अपना घर चलाते है एक दिन मां काम पे जाती है तो दूसरे दिन पिता अब लया को अकेले छोड़ा नहीं जाता ताकि और कोई समस्या खड़ी ना हो।जिंदगी के इस कसमकस भरी परिस्थिति मे जिस समय 25 साल की लया ठाकुर का सूर्योदय होना था वह गरीबी और लाचारी के छायें हुए बादलों के धुंध मे ऐसी फंसी कि उसके आस्तित्व का सूर्य ही अस्त होता दिख रहा है। बेटी के परेशानियों का बोझ लिए 19 साल से एक मां और पिता दरबदर भटक रहे हैं क्या बित रहा होगा उनके मन मे सीने को चीर देने वाली ऐसे तकलीफों से कब मिलेगा लया ठाकुर को मुक्ति क्या वाकई में लया ठाकुर फिर से चल पायेगी और अपने स्वतंत्र पंख लेकर जींदगी के खुले आसमा मे उड़ान भर पायेगी कौन बनेगा इनका मशीहा जो लया के परेशानियों के चट्टानों को धूल में बदल कर रख दे। लया ठाकुर व पिती गुनसागर ठाकुर चाहते हैं कि शासन प्रसाशन उनके दुख कि इस घड़ी के चल रहे टिक टिक की कांटे को रोके और उनकी मदद करे और उन्हें एक नई जीवन दान दे

# 55 साल से अधूरा मैनपुर क्षेत्र के प्रमुख सिंचाई परियोजना सलप जलाशय के निरीक्षण में पहुंचे गरियाबंद कलेक्टर प्रभात मलिक

## कलेक्टर के निर्देश के बाद मैनपुर क्षेत्र के किसानों में उत्साह जल्द सलप जलाशय निर्माण कार्य प्रारंभ होने की उम्मीद

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

मैनपुर। गरियाबंद जिले के कलेक्टर प्रभात मलिक आज शुक्रवार को अचानक मैनपुर क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे और क्षेत्र के बहुचर्चित अधूरे सलप जलाशय का निरीक्षण किया साथ ही सिंचाई विभाग एवं वन विभाग के अफसरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया है जिससे जल्द ही सलप जलाशय निर्माण कार्य अब प्रारंभ होने की उम्मीद से मैनपुर क्षेत्र के किसानों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। ज्ञात हो कि लगभग 55 वर्ष पुराने मैनपुर क्षेत्र के अधूरा सिंचाई परियोजना सलप जलाशय निर्माण को लेकर मैनपुर क्षेत्र के ग्रामीणों के द्वारा पूर्व में कई बार आंदोलन चक्काजाम पदयात्रा किया जा चुका है इसके बावजूद अब तक सलप जलाशय निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है जबकि सलप जलाशय निर्माण कार्य में 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है सिर्फ नाला क्लोजर का कार्य बाकी है यदि नाला क्लोजर कार्य पूण कर दिया जाए तो इससे मैनपुर क्षेत्र के एक दर्जन से ज्यादा गांव के सैकड़ों एकड़ खेतों में सिंचाई किया जा सकता है कई बार क्षेत्र के किसानों ने सलप जलाशय निर्माण कार्य को पूरा करने की मांग कर चुके हैं लेकिन इस परियोजना में वन विभाग के द्वारा एनओसी नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य अब तक अधूरा पड़ा हुआ है गरियाबंद जिला बनने के बाद पहली बार कलेक्टर प्रभात मलिक ने पैदल डेढ़ किलोमीटर चलकर सलप जलाशय बांध क्षेत्र का निरीक्षण करने पहुंचे थे और इस निर्माण कार्य में आ रहे अड़चनों के संबंध में विस्तार से जानकारी लिया सिंचाई विभाग के अफसरों ने प्रेस वार्तालाप पर छत्तीसगढ़ 24 न्यूज़ को बताया कि वन विभाग के द्वारा एनओसी नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य पिछले 55 वर्षो से अधूरा पड़ा हुआ है। आज कलेक्टर प्रभात मलिक तालाब जलाशय निरीक्षण करने के बाद अब उम्मीद है कि कलेक्टर के प्रयास से जल्द ही वन विभाग से एनओसी मिल जाएगी और सलप जलाशय निर्माण कार्य प्रारंभ हो जाएगा इस मौके पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती लोकेश्वरी नेताम,एसडीएम हितेश पिस्दा, मनरेगा परियोजना अधिकारी रमेश कंवर एवं सिंचाई विभाग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी स्थानीय जनप्रतिनिधि ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# राजस्थान ढाणी रिसोर्ट में झलकी राजस्थानी संस्कृति

## राजस्थान ढाणी रिसोर्ट देखने के लिए उमड़ा सैलाब

पुष्पाजंली टुडे

**बेगलुरू।** हसरगट्टा स्थित राजस्थान ढाणी नामक रिसोर्ट का उद्धघाटन के उपलक्ष में रिसोर्ट के परिसर में सीरवी समाज के विभिन्न बडेरों की गेरों ने चंग की थाप पर नृत्य किया।महिलाओं ने घूमर नृत्य किया।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वामी पुखराज महाराज का स्वागत किया गया ।इस मौके पर राजस्थान से आए मारवाड़ी भाषा कामेडी के कलाकार ओगड़ अम्बानी, काकी पीऊ भाटी ने कामेडी के माध्यम से। लोगों को हंसा हसा कर लोट-पोट कर दिया। इस कार्यक्रम में राजस्थान विरासत से जुडी कई प्रकार की आकृति बनाई गई। महिलाओं ने सामूहिक फागन गीत



पर नृत्य किया ।राजस्थान की पुरानी संसकृति को बढावा देने के लिए पूड़ एंव कठपुतली जैसे कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में सीरवी समाज हैबाल बडेर गेर मंडल सीरवी समाज टी दासरहल्ली बडेर गेर मंडल, आजंणा मोटीयार गैर मंडलों ने भाग लिया। रंग -बिरंगी छतरिया एवं कलर से सुसज्जित डांडियों के साथ गैर नृत्य कर रहे सदस्य आकर्षक का केन्द्र रहे। चंग की थाप पर फाल्गुन गाते गैर मंडल के घेरे में चल रहे सदस्यों ने माता के गुणों का बखाण किया। इस अवसर पर रेसोर्ट्स के प्रमुख सुरेश मुलेवा महेंद्र मुलेवा हिम्ताराम पवार महेंद्र कुमावत ने मुख्य अतिथियों का ढोल बजाकर शाल माला साफा द्वारा स्वागत किया गया । इस कार्यक्रम में बेंगलुरू एवं मैसूर शहर के विभिन्न क्षेत्र से लोग उपस्थित रहे।

# बूंदाबहु मंदिर से निकलेगी भव्य कलश यात्रा

## देवी चित्रलेखाजी के मुखारविंद से होगी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे



दमोह। शहर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्वर्गीय श्री राजाराम राय साव की स्मृति में मां बड़ी देवी मंदिर परिसर में देश की सुप्रसिद्ध भगवत कथाचार्या देवी चित्रलेखा जी के मुखारविंद से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा 25 फरवरी 2023 को शहर के बूंदावहू मंदिर से भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा प्रारम्भ होगी। जो 3 मार्च 2023 तक भक्त जन श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करेंगे और 4 मार्च 2023 को दोपहर 12 बजे से 6 बजे तक हवन पूजन और भंडारा प्रसाद वितरण का आयोजन किया जाएगा। 25 फरवरी 2023 को आयोजित भव्य कलश यात्रा में समस्त जिले वासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील समिति के द्वारा की गई है।

# कुतुब मीनार या विष्णु स्तम्भ गुप्त सम्राट चंदगुप्त विक्रमादित्य द्वारा स्थापित महरौली का लौह स्तंभ

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** विष्णु स्तम्भ ( कुतुब मीनार ) के पास, शुद्ध लोहे से बना लौह स्तंभ जिसमें 99.72त्न लोहा, शेष 0.28त्न अशुद्धियाँ हैं। यह स्तंभ महान गुप्त सम्राट चंदगुप्त विक्रमादित्य दितीय ने अपनी शकों पर विजय के उपलक्ष्य में स्थापित किया था। इस लौह स्तंभ में आज 1600 वर्ष बीत जाने के बाद भी जंग नहीं लगी है यह लौह स्तंभ गुप्तकाल में हुए वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रगति का घोतक है। इस कोलोसस का वजन 6.8 टन है। निचला व्यास 41.6 सेमी है, शीर्ष पर यह 30 सेमी तक बढ़ता है। स्तंभ की ऊंचाई 7.5 मीटर है। आश्चर्यजनक बात यह है कि वर्तमान में धातु विज्ञान में शुद्ध लोहे का निर्माण एक बहुत ही जटिल विधि और कम मात्रा में होता है, लेकिन लोहा इतनी शुद्धता का होना आज के युग में असम्भव है।

इस लौह स्तंभ में जंग क्यों नहीं लगता इसका कारण जानने के लिए कानपुर के प्रोफेसर ने 1998 में एक प्रयोग किया. प्रोफेसर डॉ. बालासुब्रमण्यम ने स्तम्भ के लोहे की मटेरियल एनालिसिस की.



इस विश्लेषण में पता चला कि स्तम्भ के लोहे को बनाते समय पिघले हुए कच्चा लोहा में ड़ास्ड़रोस तत्व मिलाया गया था. इससे आयरन के अणु बांड नहीं बन पाए, जिसकी वजह से जंग लगने की गति हजारों गुना धीमी हो गयी। आश्चर्य की बात यह है कि हमारे पूर्वजों को ड़ास्ड़रोस के जंगरोधी गुण के बारे में कैसे पता चला, ड़ास्ड़रोस के जंग रोधी गुणों का पता तो आधुनिक काल में चला है. दुनिया भर में यह माना जाता है कि ड़ास्ड़रोस की खोज सन 1669 में हेन्निंग ब्रांड ने की. मगर यह स्तंभ तो 1600 वर्ष से अधिक पुराना है मतलब यही हुआ कि पुरातन काल में भारत में धातु-विज्ञान का ज्ञान उच्चकोटि का था,सिर्फ दिल्ली ही नहीं धार, मांडू, माउंट आबू, कोदाचादरी पहाड़ी पर पाए गये लौह स्तम्भ, पुरानी तोपों में भी यह जंग-प्रतिरोधक क्षमता पाई गयी है. दिल्ली का यह लौह स्तम्भ हमारे लिए गौरव का प्रतीक है और हमारे महान इतिहास का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस अद्भुत स्तंभ की तकनीकी को आधुनिक युग में प्राप्त करना असंभव है।




# लगातार बारह दिनों से धरने पर बैठे हैं अटेर क्षेत्र के किसान

## भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में अटल प्रोग्रेस-वे को उसके पूर्व निर्धारित मार्ग, चंबल के बीहड़ों से ही निकालने एवं अन्य मांगों के साथ क्षेत्र के किसान क्रमिक धरने पर बैठे हैं

**उमाकान्त शर्मा पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड। अटल प्रोग्रेस-वे को अपने पूर्व निर्धारित स्थान चंबल के बीहड़ों से निकालने की मांग को लेकर प्रतापपुरा में किसानों का धरना भारतीय किसान संघ के नेतृत्व में बारहवें दिन लगातार जारी रहा। आज शुक्रवार को धरने पर ग्राम मटघाना के किसान बैठे। मटघाना के किसानो की मांग है कि अटल प्रोग्रेस वे का निर्माण बीहड़ की बंजर भूमि से होकर गुजरे, जैसा की पूर्व में प्रस्तावित था। हम केवल इतना चाहते हैं कि अटल प्रोग्रेस वे उपजाऊ जमीन से होकर ना गुजरे अन्यथा गांव के किसानो के सामने, परिवार के भरण-पोषण का संकट खड़ा हो जाएगा।बहुत से छोटे छोटे किसान भूमिहीन होकर सड़क पर आ जायेंगे । गांव से प्रोग्रेस वे निकालने से पूरा गांव दो भागों में बंट रहा है । जिससे आगे खेतों की जुताई करने में भी परेशानियां आएगी । प्रतिदिन झगड़े और विवाद होंगे इसी क्रम कल दिनांक 25फरवरी को ग्राम बुढ़नपुर के किसान धरने पर बैठेंगे ।

# विद्यार्थी परिषद ने पीजी महाविद्यालय कि समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन

**रीतेश अवस्थी, पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा ज्ञानचंद श्रीवास्तव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में समस्याओं को लेकर प्राचार्य के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें जिला सह संयोजक राहुल कुमार ने बताया कि हम सभी महाविद्यालय की निम्न समस्याओं लेकर



प्राचार्य महोदय को ज्ञापन देने गए थे। परन्तु 1 घण्टे बैठे रहे। लेकिन प्राचार्य नहीं मिले और न ही स्टॉफ ज्ञापन लेने आए। तो हम सभी कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य कक्ष जाकर प्राचार्य की सीट पर ही ज्ञापन रख आए। हमारी मांगे यह थी कि महाविद्यालय में साफ स्वच्छ एवं ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं हैं गर्मी होने लगी परन्तु छात्रों इतने बड़े महाविद्यालय में पानी की व्यवस्था नही हैं। हम चाहते हैं। जल्द से जल्द व्यवस्था की जाए। ताकि छात्रों को परेशानी न होना पड़े। और कहा कि महाविद्यालय में महीनों गुजर जाते हैं परंतु सफाई नहीं होती। महाविद्यालय में हर कक्षाओं में गन्दगी ही गन्दगी फैली हुई हैं। न ही नियमित रूप से सफाई होती और न ही टेबलों की साफ-सफाई कराई जाती हैं। महाविद्यालय प्रशासन स्वस्थ पड़ा हुआ हैं। पूरे महाविद्यालय में गन्दगी एवं धूल के सिवा कुछ नहीं दिखाई देता। और कहा कि किसी भी विषय की कक्षाएं नियमित रूप से नहीं लग रही हैं जिससे छात्रों की पड़ाई प्रभावित हो रही हैं। छात्रों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा हैं। और कहा कि जब प्राचार्य और प्रोफेसर ही समय पर नहीं आते तो कक्षाएं कैसे नियमित रूप से लगेगी। कोई 12~30 पर आते हैं तो कोई 1बजे आते हैं अब आप ही बताइए आखिर कैसे समय पर कक्षाएं लगे। हम चाहते कि चाहे वह प्राचार्य हो या प्रोफेसर सभी का समय निर्धारित किया जाए। ताकि छात्रों को परेशानियों से न जूझना पड़े। ओर जब छात्र प्राचार्य से बात करने जाते हैं। तो उनका रबैया छात्रों के प्रति ठीक नहीं रहता। ओर न ही प्रोफेसरों से ठीक तरीके से बातचीत करते हैं। हमे लगता हैं यह अपने परिवार की परेशानी से परेशान रहते हैं और महाविद्यालय में स्टॉफ एंव छात्रों पर बरसते हैं। वही नगर सहमंत्री नमन संडलिय ने कहा कि युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी प्रतिमा महाविद्यालय में स्थापित कराई जाए। ताकि छात्रों के अंदर नई ऊर्जा संचार हो सके। यदि हमारी मांगो को जल्द से जल्द पूरा नहीं किया गया तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन करेंगे जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी महाविद्यालय प्रशासन की होगी। जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित राजेश चतुर्वेदी, अनिकेत शर्मा, गुल्जर यादव, बालचंद्र अहिरवार, राजेश लोधी, लकी यादव, श्रीकांत मिश्रा, अजय ठाकुर आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं छात्रों कि मौजूदगी रही।

# प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ में पंकज त्रिपाठी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत

दैनिक पुष्पांजली टुडे



भिण्ड। प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ में पंकज त्रिपाठी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है ।संघ का पुनः राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने कहा कि वह पत्रकार हित के लिए हमेशा संघर्षरत रहे हैं और पत्रकारों के हित के लिए आगे भी हमेशा संघर्षरत रहेंगे।श्री त्रिपाठी को पत्रकारिता के क्षेत्र में लगभग 24 साल का समय हो गया है,वर्तमान में दैनिक पुष्पांजली टुडे स्टेट हेड मध्यप्रदेश के पद पर कार्यरत है।श्री त्रिपाठी ने बताया कि पत्रकारिता में मेरी रुचि लाने वालेएवं पत्रकारिता सीखने में मदद करने वालों में जिन्हें वह अपना पत्रकार गुरु मानते हैं उनमें मुख्य रूप से सभी वरिष्ठ पत्रकारजनो में रामानन्द सोनी, खिजर मोहम्मद कुरैशी, राजेश चौधरी, भानु श्रीवास्तव, रविन्द्र सिंह कुशवाह, सुबोध अग्नहोत्री,भारत रावत,मिजाजी लाल जैन, सुभाष जैन, स्व. ओम नारायण त्रिपाठी आदि ने उन्हें पत्रकारिता सीखने में काफी मदद की है श्री त्रिपाठी ने कहा कि वह इन सभी को पत्रकारिता के क्षेत्र में अपना गुरु मानते हैं। नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रेस मीडिया पत्रकार कल्याण संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पवैया एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया है। मनोनयन पर वरिष्ठ पत्रकारजनों, नेताओं, अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।



# एस.एच.आर. लेआउट आईमाता मंदिर पर चढ़ाई ध्वजा

पुष्पाजंली टुडे


**बेंगलुरू।** सीरवी समाज एस.एच आर लेआउट आई माता बडेर की चौथी वर्षगांठ मनाई ।इस कार्यक्रम में अमर ध्वजा के लाभार्थी बलेपेट बडेर के अध्यक्ष शोभाराम चोयल परिवार ने आईमाता की पूजा - अर्चना कर विधि-विधान पूर्वक मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया । इस मौके पर एस. एच .आर लेआउट बडेर के अध्यक्ष फाउलाल परिहारिया ने स्वागत किया । उपाध्यक्ष भुंडाराम, मांगीलाल सचिव लक्ष्मणराम सह सचिव छेलाराम काग कोषाध्यक्ष भवरलाल सह कोषाध्यक्ष बाबूलाल एंव समस्त कार्यकारिणी व नवयुवक मंडल अध्यक्ष महेंद्र राठौड़ सचिव मदनलाल व नवयुवक मंडल व महिला मंडल सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।



# सावन चौहान को सप्रेम भेंट

मानवाधिकार सुरक्षा संघ द्वारा वर्ष 2017 में मध्यप्रदेश में कार्यकारिणी गठित की गई प्रदेश कार्यकारिणी द्वारा जनता की हर समस्या का निराकरण समस्त प्रशासन के सहयोग से निराकरण कर कार्यरत है और उनके प्रेसिडेंट व सदस्यों द्वारा निरंतर आमजन ओकी समस्याओं को लेकर प्रशासन से सरल तरीके से हल किया जा रहा है। जो प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा जनता को उत्तम सेवाएं देने वालों को संघठन द्वारा सप्रेम भेट भी दी जा रही है, उसी कड़ी में मानवाधिकार सुरक्षा संघ के मध्यभारत अध्यक्ष सतीश गांगले की अनुसंशा पर मानवाधिकार सुरक्षा संघ द्वारा जिला खरगोन खनिज अधिकारी सावन चौहान जी को सम्मानित किया गया कुछ दिन पहले ओडिशा में एक कार्यक्रम किया गया था वहाँ के प्रदेश अध्यक्ष प्रिय प्रशाद मिश्रा द्वारा जगनाथ पूरी भगवान जगन्नाथ जी छायाचित्र दी जो की मध्यभारत अद्यक्ष सतीश गांगले जी द्वारा खरगोन पहुच के खनिज अधिकारी श्री सावन चौहान जी को दी गई व खरगोन जिले के पूर्व अध्क्ष शिव चौहान और युवा संगठन मंत्री जितेंद्र भालसे जी व राकेश पंड्या जिला महासचिव ओर स सचिव अजय भालसे द्वारा बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जी की छायाचित्र भेट की गई।

**मानवाधिकार सुरक्षा संघ द्वारा जनता के समस्याओं का निराकरण के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का भी सम्मान किया जा रहा है**



## सम्पादकीय

# आप की महापौर

राजनीतिक धींगामुश्ती के चलते तीन बार टला एमसीडी महापौर का चुनाव आखिरकार चौथी बार सिरे चढ़ ही गया। दिल्ली की सबसे छोटी प्रशासनिक इकाई में डेढ़ दशक बाद आखिरकार भाजपा का वनवास हो गया और राजतिलक आप की शैली ओबेरॉय का हुआ। जिन्हें निर्धारित न्यूनतम वोटों से अधिक 150 पार्षदों के वोट मिले। शैली ने भाजपा की रेखा गुप्ता को 34 वोटों के अंतर से हराया। आखिरकार शीर्ष अदालत की दखल के बाद हुए इस चुनाव को आप अपनी नीतियों की जीत बता रही है। दरअसल, दिसंबर 2022 में हुए दिल्ली नगर निगम चुनाव के बाद भाजपा 15 साल राज करने के बाद सत्ता से बाहर हो गई। जहां आम आदमी पार्टी को 134 सीटें मिली थी, वहीं भाजपा को 104 सीटों पर ही संतोष करना पड़ा था। वहीं दूसरी ओर डिप्टी मेयर के पद पर भी आप के आले मोहम्मद इकबाल आसीन हुए। दरअसल, बुधवार को हुए चुनाव में कांग्रेस के नौ पार्षदों ने चुनाव में भाग नहीं लिया। बहरहाल, अच्छी बात है कि मेयर चुनाव के लिये चौथी बार हुए मतदान में इस बार न हाथापाई हुई और न ही नारेबाजी। उल्लेखनीय है कि विपक्षी पार्षदों के लगातार हंगामे के बाद आप की मेयर पद की उम्मीदवार शैली ओबेरॉय चुनाव कराने के लिये सुप्रीम कोर्ट चली गई थीं। दरअसल, एक विवाद का विषय उप राज्यपाल द्वारा मनोनीत सदस्यों के वोटिंग अधिकार को लेकर था। तब सुप्रीम कोर्ट ने आप प्रत्याशी के पक्ष में निर्देश देते हुए कहा था कि दिल्ली में एमसीडी मेयर के चुनाव में मनोनीत सदस्य मतदान नहीं कर सकेंगे। उल्लेखनीय है कि मेयर चुनाव में कुल 274 पार्षदों के बीच 138 वोट हासिल करने जरूरी थे। वैसे शैली ओबेरॉय ने एमसीडी का ताज तो हासिल कर लिया है, लेकिन उनकी सल्तनत सिर्फ 31 मार्च तक ही रहेगी। बहरहाल, यह वक्त बतायेगा कि अपने 38 दिन के कार्यकाल में शैली ओबेरॉय जनता की आकांक्षाओं पर कितना खरा उतर पायेंगी। दरअसल, डीएमसी की धारा दो (67) के अनुसार दिल्ली नगर निगम का साल एक अप्रैल से आरंभ होकर अगले साल 31 मार्च तक समाप्त होता है। फिर कायदे से नये महापौर का चुनाव होगा। बहरहाल, दिल्ली नगर निगम के चुनाव के अस्सी दिन के बाद दिल्ली को अपना नया मेयर मिल ही गया है। वह भी एक दशक बाद मेयर के रूप में महिला मेयर मिली है, इससे पहले भाजपा की महिला मेयर बनी थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2012 में जिस दिल्ली नगर निगम को तीन भागों में बांटा गया था, उन्हें एक बार फिर बीते साल एक कर दिया गया था। एकीकरण के बाद यह पहला चुनाव था, जिसमें आप ने बाजी मारी है। अब देखना होगा कि आप अपने वायदे के अनुसार दस गारंटियों व विवादित लैंडफिल मामले में किस हद तक सफल होती है। लेकिन अभी दिल्ली की मेयर शैली के

**// फागुनी रंग //**

बसंती हवाओं का डेरा,
आकर फागुन ने फिजाओं को घेरा,
कोयल की मधुर संगीत से
मधु वन में होता अब सबेरा ।
चढ़ गया फागुनी रंग सब पर ,
हूक उठी मिलन की पिय के संग,
छायी मधु मास की उमंग,
हो रही मन के भीतर इक जंग ।
आज कौई कानो में रस घोल गया,
मधु मास का प्रेम मंत्र बोल गया ,
जादू चढ़ गया प्रेम का वातावरण में जब ,
राधा का रंग कान्हा पर चढ़ गया।
दस्तक दी कामदेव ने जब दिल पर
शिव पर काम बाण चल गया ,
ध्वंस हुआ सभी काम कलाओं सहित ,
काम फिर भी जग में जीवित रहा।

**दिलीप मिश्रा, ग्वालियर म. प्र.**

# प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए भारत को अभी बहुत कुछ करने की जरूरत

> भारत की कुल 140 करोड़ जनसंख्या में से 50 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 25 वर्ष से कम है और 65 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 35 वर्ष से कम है। सबसे अधिक युवा, अर्थात 18-35 वर्ष के आयु वर्ग में 60 करोड़ भारतीय नागरिक आते हैं।

पूरे विश्व में सभी देशों का सकल घरेलू उत्पाद कुल मिलाकर लगभग 100 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। इसमें भारत का हिस्सा मात्र 3.50 प्रतिशत है, अर्थात भारत का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 3.50 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर है। जबकि, पूरे विश्व के 17.5 प्रतिशत से अधिक लोग भारत में निवास करते हैं। जनसंख्या की दृष्टि से तुलना की जाये तो भारत का सकल घरेलू उत्पाद बहुत कम है, जिसे केंद्र सरकार एवं कई राज्य सरकारें मिलकर अब इसे बहुत आगे ले जाने के कार्य में पूरे मनोयोग से कार्य करती दिखाई दे रही हैं। हालांकि, पूरे विश्व में सकल घरेलू उत्पाद के मामले में भारत पांचवें स्थान पर आ गया है एवं अब भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं जर्मनी जैसे देश हैं। परंतु, अधिक जनसंख्या होने के कारण भारत में प्रति व्यक्ति आय अन्य कई देशों की तुलना में बहुत कम है। प्रत्येक भारतीय की औसत आय 2,200 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है जबकि अमेरिका में प्रति व्यक्ति औसत आय 70,000 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है और चीन की जनसंख्या भारत से भी अधिक होने के बावजूद प्रत्येक चीनी नागरिक की औसत आय 12,000 अमेरिकी डॉलर प्रति वर्ष है। इस प्रकार प्रत्येक भारतीय की औसत आय बढ़ाने के प्रयास किए जाना अब बहुत जरूरी है, जिसमें भारत की युवा शक्ति को अपना योगदान देना अब आवश्यक हो गया है। आज किसी भी देश के लिए जनसंख्या का अधिक होना और उसमें भी युवा जनसंख्या की भागीदारी ज्यादा होना, उस देश विशेष के लिए बहुत लाभकारी स्थिति बन जाती है। वह भी तब, जब विशेष रूप से कई विकसित देशों यथा- जापान, जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन, आस्ट्रेलिया, चीन, कनाडा आदि में जन्म दर बहुत कम हो चुकी हो एवं इन देशों में प्रौढ़ नागरिकों की जनसंख्या तेजी से बढ़ती जा रही हो एवं युवा जनसंख्या का अभाव महसूस किया जा रहा हो। इस प्रकार भारत युवा जनसंख्या की दृष्टि से बहुत ही लाभप्रद स्थिति में आ गया है। भारत की कुल 140 करोड़ जनसंख्या में से 50 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 25 वर्ष से कम है और 65 प्रतिशत जनसंख्या की आयु 35 वर्ष से कम है। सबसे अधिक युवा, अर्थात 18-35 वर्ष के आयु वर्ग में 60 करोड़ भारतीय नागरिक आते हैं। प्रत्येक भारतीय की औसत आयु मात्र 29 वर्ष है जबकि चीन के नागरिकों की औसत आयु 37 वर्ष एवं जापान के नागरिकों की औसत आयु 48 वर्ष है। इसीलिए भारत को एक युवा देश कहा जा रहा है और पूरे विश्व की निगाहें आज भारत पर टिकी हुई हैं। अब तो यह स्थिति दिखाई देने लगी है कि यदि भारत आर्थिक प्रगति करेगा तो पूरा विश्व ही आर्थिक प्रगति करता हुआ दिखाई देगा, क्योंकि आगे आने वाले समय में भारत में विभिन्न उत्पादों का उपभोग तेजी से बढ़ता हुआ नजर आएगा। आज भारत में साक्षरता दर 80 प्रतिशत के आसपास पहुंच गई है, जोकि एक बहुत अच्छी दर कही जा सकती है। हालांकि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं में शिक्षा का स्तर अलग अलग दिखाई देता है। इसलिए, भारत के युवाओं में कौशल के अभाव में भारत के आर्थिक विकास में इनका योगदान संतोषप्रद स्तर तक नहीं हो पा रहा है, कौशल के अभाव में इस वर्ग की उत्पादकता भी तुलनात्मक रूप से कम दिखाई देती है। भारत के युवाओं में शिक्षा के स्तर को और अधिक सुधारने के लिए अभी हाल ही के समय में भारत में कई नए शिक्षण संस्थान स्थापित किए गए हैं। जैसे, 150 नए विश्वविद्यालय (वर्तमान में कुल 1070 विश्वविद्यालय कार्यरत) एवं 1570 नए महाविद्यालय (वर्तमान में कुल 43000 महाविद्यालय कार्यरत) स्थापित किए गए हैं। साथ ही, 7 नए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (वर्तमान में कुल 23 भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कार्यरत) एवं 7 नए भारतीय प्रबंध संस्थान (वर्तमान में कुल 20 भारतीय प्रबंध संस्थान कार्यरत) स्थापित किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी प्रकार, देश के प्रत्येक जिले में कम से कम एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी की जा रही है, वर्तमान में भारत में 650 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जा चुके हैं। इस प्रकार के प्रयासों से देश के युवाओं में न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है बल्कि उनका कौशल भी विकसित हो रहा है। अब तो भारत में शिक्षित युवा कई विकसित देशों में पहुंचकर वहां के प्रौद्योगिकी, मेडिकल एवं प्रबंध के क्षेत्र में कई निजी संस्थानों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं एवं इन देशों के कई निजी संस्थानों को तो एक तरह से भारतीय ही चला रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (ILO) के अनुसार, वर्ष 2018 में भारत में बेरोजगारी की दर 4.9 प्रतिशत से, कोविड महामारी के चलते, बढ़कर 2020 में 7.5 प्रतिशत हो गई, हालांकि इसमें अब पुनः काफी सुधार दिखाई दिया है। इस बीच केंद्र सरकार ने रोजगार के नए अवसर निर्मित करने के उद्देश्य से कई उपाय करते हुए कई नई योजनाओं की शुरूआत की है। देश में एक नए कौशल विकास एवं उद्यम मंत्रालय का गठन किया गया है जिसके द्वारा देश के युवाओं में कौशल विकास करने की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग के क्षेत्र में उद्यमियों को अपना व्यवसाय प्रारम्भ करने के उद्देश्य से बैंकों द्वारा आसान नियमों के अंतर्गत ऋण प्रदान करने हेतु प्रधान मंत्री मुद्रा योजना प्रारम्भ की गई है। इसी प्रकार महिलाओं तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति के उद्यमियों को अपना व्यवसाय प्रारम्भ करने के उद्देश्य से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए स्टैंड-अप इंडिया नामक योजना प्रारम्भ की गई है।

# 4 महीने, 4 दौरे और मोदी के 4 संदेश

राजस्थान का अंतिम बजट जारी होने के बाद अब प्रदेश इलेक्शन मोड में आ गया है। हालांकि दिसम्बर में होने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर बीजेपी ने पहले ही इलेक्शन मोड एक्टिवेट कर दिया है।

1 महीने के भीतर पीएम मोदी राजस्थान में 2 अहम दौरे कर चुके हैं। वहीं पिछले साढ़े चार महीने में पीएम चार बार राजस्थान आ चुके हैं।

सबसे पहले वे 30 सितम्बर को आबूरोड के मानपुर आए थे। यह वह दौर था जब राजस्थान में कांग्रेसी विधायकों ने बड़ी बगावत की थी। इसके बाद पीएम मोदी 1 नवम्बर को बांसवाड़ा के मानगढ़ धाम पहुंचे। इसके कुछ समय बाद 28 जनवरी को भीलवाड़ा के मालासेरी में पीएम ने सभा की। इसके ठीक 15 दिन बाद पीएम दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे के उद्घाटन कार्यक्रम और सभा के लिए दौसा पहुंचे। माना जा रहा है कि राजस्थान में अब पीएम के दौरे लगातार होंगे। मोदी के पिछले दौरों का जब हमने एनालिसिस किया तो भाजपा और पीएम की राजस्थान को लेकर खास रणनीति समझ आई। राजस्थान में पीएम के दौरों की कई वजह हैं। सियासी जानकार इसके पीछे बड़ी वजह लोकसभा चुनाव 2024 मानते हैं। हालांकि, बीजेपी के कई नेता इसे राजस्थान में अलग रणनीति और खींचतान के बीच नए पैंतरे के रूप में देखते हैं।

हर दौरे से खास मैसेज

पहला दौरा : मानपुर-आबूरोड

बिखरी बीजेपी को एक मंच पर लाए

पिछले साल 30 सितंबर को गुजरात के अम्बाजी में दर्शन के बाद पीएम का गुजरात-राजस्थान बॉर्डर पर दौरा प्रस्तावित था, लेकिन पीएम लेट हो गए। रात 10 बजे के बाद जब मोदी पहुंचे तो लेट हो जाने के चलते नियमों का हवाला देते हुए उन्होंने सभा करने से इनकार किया। लोग घंटों इंतजार में थे, ऐसे में जमीन पर बैठकर माफी मांगी। इस दौरे को राजस्थान में बीजेपी को एकजुट करने से जोड़कर देखा गया। क्योंकि यही वह दिन था जब लम्बे समय बाद राजस्थान में बीजेपी के तमाम प्रमुख नेता एक मंच पर एक साथ थे। सीटों पर असर : सिरोही की 3, जालोर की 5 और पाली की 6 सीटों को साधने का प्रयास। इस क्षेत्र की दो लोकसभा सीटें सिरोही-जालोर और पाली सीट पर भी असर डालने की कोशिश। चर्चित तस्वीर : 10 बजे बाद लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं करने का नियम है। ऐसे में पीएम ने सभा नहीं की, झुककर लोगों से 3 बार माफी मांगी। यह तस्वीर काफी चर्चित रही।

दूसरा दौरा : मानगढ़-बांसवाड़ा

गोविंद गिरी से जुड़कर आदिवासियों को साधा

1 नवम्बर को पीएम आदिवासियों के धाम मानगढ़ पहुंचे। यहां उन्होंने आदिवासियों के अराध्य गोविंद गिरी को याद किया। मानगढ़ में जलियांवाला बाग की तरह हुए नरसंहार को भी याद किया। राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत सहित तीन राज्यों के सीएम यहां मौजूद रहे। मोदी ने यहां साफ मैसेज दिया कि जिन महापुरुषों को भुला दिया गया है, बीजेपी उन्हें फिर से जीवंत करेगी। माना जा रहा था कि पीएम इस दौरे में मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक बनाने की घोषणा करेंगे, मगर नहीं हुआ। सीटों पर असर : उदयपुर की 8, बांसवाड़ा की 5, डूंगरपुर की 4, सिरोही की 3 और प्रतापगढ़ की 3 सीटों पर असर डाला। इसके अलावा उदयपुर और बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर भी असर। चर्चित तस्वीरः अपने भाषण के दौरान पीएम मोदी ने अशोक गहलोत को सीनियर मुख्यमंत्री कहा। दोनों के बीच की कैमेस्ट्री की चर्चा हुई। ऐनवक्त पर मानगढ़ को पीएम मोदी ने राष्ट्रीय स्मारक के रूप में घोषित नहीं करते हुए सियासी स्ट्रोक भी खेला।

तीसरा दौरा : भीलवाड़ा-मालासेरी

कमल के फूल से गुर्जरों को जोड़ने की कोशिश

28 जनवरी को गुर्जरों के अराध्य स्थल मालासेरी डूंगरी में पीएम की यह सभा हुई। भगवान देवनारायण के 1111वें प्रकट उत्सव के मौके पर यह सभा हुई। पीएम ने यहां गुर्जर समुदाय को साधने की कोशिश की। अपने भाषण में उन्होंने गुर्जरों को कमल के फूल से जोड़ा। गुर्जरों के साथ पुराने रिश्ते की बात कही। माना जा रहा था कि पीएम यहां देवनारायण कोरिडोर की घोषणा करेंगे। मगर यहां भी पीएम ने कोई घोषणा नहीं की। सीटों पर असर : अजमेर की 8 और भीलवाड़ा जिले की 7 सीटों पर असर डालने की कोशिश। इसके अलावा गुर्जर बाहुल्य 15 सीटों पर सीधा फोकस। उन सीटों पर भी जहां गुर्जर प्रभावित करते हैं। इसके अलावा अजमेर और भीलवाड़ा की लोकसभा सीटों को भी साधने का प्रयास किया।

चर्चित तस्वीर : देवनारायण समिति की ओर से एक भी कांग्रेसी गुर्जर विधायक को नहीं बुलाया गया। यहां तक कि सीएम और सचिन पायलट तक को आमंत्रित नहीं किया गया। वहीं मंच पर चुनिंदा नेताओं को ही जगह दी गई। बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता भी मंच से बाहर बैठे। गुर्जर समाज और मंदिर से जुड़े प्रमुख लोगों को मंच पर जगह दी गई।

चौथा दौरा : दिल्ली-दौसा एक्सप्रेस वे

एक्सप्रेस वे के बहाने बीजेपी का विकास का मॉडल दिखाया

12 फरवरी को पीएम दौसा पहुंचे। उनके साथ सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी थे। दिल्ली से दौसा तक के एक्सप्रेस वे का उद्घाटन किया गया। इस दौरान नितिन गडकरी ने देशभर में चल रहे सड़क के प्रोजेक्टस का जिक्र किया। पीएम ने इस सभा में राजनीति के बजाय विकास के मॉडल पर जोर दिया। पीएम ने देश में नई सड़कों और ट्रेनों का जिक्र करते हुए यह बताने की कोशिश की है कि बीजेपी का फोकस राजस्थान के विकास पर है।

किन सीटों पर असर

पीएम ने जयपुर की 19, अलवर की 11, दौसा की 5 और टोंक की 4 सीटों को साधने की कोशिश की। इसके अलावा दौसा, टोंक-सवाईमाधोपुर, जयपुर ग्रामीण सीटों पर भी बीजेपी की नजर रही।

चर्चित तस्वीर : राजस्थान के बजट में सीएम के पुराने बजट भाषण पढ़ने का मामला चर्चित रहा। दो दिन बाद अपने दौरे में नाम लिए बगैर पीएम मोदी ने उस वाकये को लेकर चुटकी ली। आरएसएस से जुड़े पुराने वाकये का संदर्भ दिया, यह चर्चित रहा।

जहां बीजेपी कमजोर, वहां मोदी का चेहरा प्रोजेक्ट करेगी

बीजेपी से जुड़े वरिष्ठ नेता और जानकार बताते हैं कि 2023 चुनाव को लेकर पीएम मोदी बीजेपी की रणनीति का अहम हिस्सा हैं। यह तय है कि बीजेपी इस चुनाव में बगैर चेहरे के मैदान में उतरेगी। ऐसे में जिन हिस्सों में बीजेपी कमजोर है, वहां बीजेपी पीएम मोदी को चेहरे के रूप में प्रोजेक्ट करेगी। ऐसा ही आगे भी होगा। खासतौर से पूर्वी राजस्थान, उत्तरी-पश्चिमी राजस्थान, दक्षिणी राजस्थान की आदिवासी सीटों पर यह देखने को मिलेगा।

# मोदी विरोधी अगली साजिश क्या है?

> दूसरे प्रकरण में अडानी समूह के खिलाफ हिण्डनबर्ग रिपोर्ट आई। पिछले कुछ सालों में अडानी समूह ने देश-विदेश में अपना प्रभाव जमाया और वैश्विक विस्तार अभियान को आगे बढ़ाया। यह समूह भारत की पहचान को दिनों-दिन और सुदृढ़ करने में आगे बढ़ रहा था।

एक जुलाई, 2021 को ह्यन्यूयार्क टाइम्सह्न ने दक्षिण एशिया व्यवसायी संवाददाताओं के लिए आवेदन मांगे। इसके लिए शर्तों में लिखा कि अभ्यर्थी ऐसा हो जो भारत सरकार के विरुद्ध लिखे और वहां सत्ता परिवर्तन में योगदान दे। विदेशी मीडिया के एक वर्ग में मोदी, भारत और हिन्दू विरोध का यह छोटा-सा उदाहरण है। इसी साल के आरम्भ में कुछ चिन्तकों ने आशंका जताई कि 2023 चुनावी वर्ष है और इसमें कई तरह के षड्यन्त्र सामने आ सकते हैं। चेतावनी के एक-डेढ़ माह के भीतर ही जिस क्रम से बीबीसी लन्दन की गुजरात दंगों पर दस्तावेजी फिल्म,



उद्योगपति गौतम अडानी पर हिण्डनबर्ग की रिपोर्ट और भारत में सत्ता परिवर्तन को लेकर अमेरिकी अरबपति जार्ज सोरोस की योजना सामने आई, उससे अब प्रश्न पूछा जाने लगा है कि इन तीनों के बाद, अब आगे क्या? गत सप्ताह ह्यद सण्डे गार्जियनह्न समाचार पत्र में प्रकाशित रिपोर्ट में दावा किया गया है कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी को हटाने, चुनावों में सत्ता परिवर्तन को लेकर कुछ देसी-विदेशी शक्तियां पिछले तीन महीनों में लन्दन से लेकर दिल्ली तक अलग-अलग बैठकें कर चुकी हैं। बैठकों में जिन मुद्दों पर चर्चा हुई उनमें मोदी सरकार की कमजोरियों को सामने लाना, सरकार के विरुद्ध नकारात्मक विमर्श गढ़ना, चुनाव से छह माह पहले सरकार के खिलाफ बड़ा अभियान चलाना शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इसमें मीडिया, सूचना तकनॉलोजी विशेषज्ञों, अभियानवादियों को साथ लेने, ऑनलाइन व पारम्परिक शैली से काम करने की जरूरत पर जोर दिया गया। रिपोर्ट का दावा है कि इसके लिए भारतीय मूल के लोगों और अन्य विदेशी संगठनों की तरफ से कोष उपलब्ध कराया जा रहा है। सजग होने की बात है कि अब इस तरह के घटनाक्रम भी सामने आ रहे हैं, जो उक्त आशंका को बल प्रदान करते हैं। हाल ही में बीबीसी ने दो धारावाहिकों की एक दस्तावेजी फिल्म बनाई, इसमें साल 2002 के गुजरात दंगों के दौरान वहां के मुख्यमन्त्री के रूप में प्रधानमन्त्री मोदी के कार्यकाल पर निशाना साधा, जबकि वास्तविकता ये है कि लाख कोशिशों के बावजूद देश की न्यायिक प्रणाली उन्हें दोषमुक्त कर चुकी है। दूसरे प्रकरण में अडानी समूह के खिलाफ हिण्डनबर्ग रिपोर्ट आई। पिछले कुछ सालों में अडानी समूह ने देश-विदेश में अपना प्रभाव जमाया और वैश्विक विस्तार अभियान को आगे बढ़ाया। यह समूह भारत की पहचान को दिनों-दिन और सुदृढ़ करने में आगे बढ़ रहा था। उस पर एक अमेरिकी कम्पनी हिण्डनबर्ग की रिपोर्ट आई और अडानी समूह की चूलें हिल गईं। हाल के कुछ वर्षों में दुनिया में जिस गति से भारत विरोधी विमर्श को फैलाया जा रहा है उसी की श्रृंखला के रूप में इस रिपोर्ट को देखा जा रहा है। तभी तो अमेरिका के वाल स्ट्रीट जनरल ने इस प्रकरण पर अपनी रिपोर्ट में लिखा- हिण्डनबर्ग ने ह्यहिन्दू राष्ट्रवादी प्रधानमन्त्रीह्न के आर्थिक विकास के गुजरात मॉडल से भरोसा हिला दिया है और ह्ययह भारतीय उद्योग-जगत के बारे में बहुत कुछ कहता है।ह्न तीसरा- सन्दिग्ध चरित्र के अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस की भारत में सत्ता परिवर्तन की योजना सामने आना अपने आप में बहुत कुछ कहता है। वर्तमान में भारत अपनी संस्कृति, विज्ञान और टेक्नोलॉजी के साथ जिस तरह से आगे बढ़ रहा है उससे कुछ शक्तियों को पेचिश होना स्वाभाविक है। दुनिया की महाशक्तियों को लग रहा है कि आज का भारत उनकी हां में हां नहीं मिला रहा। अमेरिका से हथियार खरीदने की जगह भारत ने रूस को चुना। आज भारत की डिजीटल भुगतान प्रणाली दुनिया में धूम मचा रही है। राष्ट्रीय अपराध ब्यूरो अब तक लगभग 8 लाख करोड़ रुपये की नशीली दवाएं नष्ट कर चुका है तो परावर्तन निदेशालय भ्रष्ट लोगों से 1.2 लाख करोड़ रुपये का काला धन जब्त कर चुका है। भारत ने फाइजर और मॉडर्न से कोरोना वैक्सीन आयात नहीं की बल्कि स्वदेशी टीके विकसित कर विदेशी कम्पनियों के व्यवसायिक एकाधिकार को चुनौती दी। भारत ने हथियार सौदागरों से खरीददारी बन्द कर सीधे फ्रांस से राफेल खरीदे। भारत में रक्षा उपकरण बनाने शुरू हुए और अब हमारा देश शस्त्र निर्यातक देशों में शामिल हो चुका है। प्रधानमन्त्री मोदी ने मध्य पूर्व से महंगा तेल खरीदना बन्द कर रूस से भारी मात्रा में सस्ती दर पर तेल खरीदना शुरू कर दिया। वर्तमान भारत की और भी अनेक विशेषताएं हैं जिन सभी का वर्णन कुछ कालमों में सम्भव नहीं। वर्तमान में देश में जिहादी, खालिस्तानी, नक्सली आतंक या तो अन्तिम सांसें ले रहा है, या कहीं सिर उठाने की कोशिश होती है तो उसको सख्ती से कुचला जा रहा है। ऐसे में विदेशी शक्तियों का 2024 के चुनावों में भारत व मोदी विरोध में सक्रिय होना कोई अनहोनी नहीं है। तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि, उक्त तथ्यों के आधार पर इन चुनावों में भाजपा के नेतृत्व में सत्तारुढ़ राष्ट्रीय जनतान्त्रिक गठजोड़ सरकार, प्रधानमन्त्री व सहयोगियों को जनता से जुड़े मुद्दों पर बच कर निकल जाने की सुविधा भी नहीं दी जा सकती। गरीबी, रोजगार, उच्च शिक्षा, शिक्षा के ढांचागत विकास, प्रतिभा पलायन, कृषि-किसान, स्वास्थ्य, प्रशासनिक भ्रष्टाचार, कुपोषण, अधूरी परियोजनाओं आदि अनेक विषय ऐसे यक्ष प्रश्न हैं जिनका उत्तर दिए बिना आगे नहीं बढ़ा जा सकता। इन चुनावों में जनता को अपने अनुभव, अपेक्षाओं, सरकार के कार्यों, नीतियों से सम्बन्धित विषयों पर निष्पक्ष होकर मन्थन करना होगा। सरकार की उपलब्धियों व असफलताओं को अपनी बुद्धि की कसौटी पर कसना होगा। सत्ताधीशों व विपक्ष से हर तरह के प्रश्न करने होंगे। अपने विवेक अनुसार किसी को सिंहासन या विपक्ष में बैठाने का निर्णय लेना होगा परन्तु यह काम देश की जनता को करना है, षड्यन्त्रकारी शक्तियों को नहीं। भारत का राजनीतिक भविष्य भारतीय तय करेंगे दूसरा कोई और नहीं। बीबीसी, हिण्डनबर्ग व जॉर्ज सोरोस जैसे षड्यन्त्रों से सावधान रहते हुए भारतीयों को लोकतान्त्रिक प्रणाली की पहरेदारी करनी होगी।

# देवेंद्रनगर के वार्ड क्रमांक 10, 11,12 में पहुंची विकास यात्रा





**पन्ना से घनश्याम शर्मा की खबर**

**देवेंद्रनगर-** नगर परिषद देवेंद्रनगर अंतर्गत वार्ड क्रमांक 10 ,वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 मैं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं सहित विकास यात्रा का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक श्री राजेश वर्मा वरिष्ठ नेता उमेश शर्मा एवं हरदेव सिंह जी सहित मंडल अध्यक्ष देवेंद्रनगर हीराजी पटेल मंडल उपाध्यक्ष दिवाकर देव परमार, कोषाध्यक्ष अजीत जैन(छोटे भैया), वरिष्ठ कार्यकर्ता डॉक्टर देवेंद्र कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष श्री अशोक कुशवाहा सहित देवेंद्रनगर की नगर अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी ललित गुप्ता, नगर उपाध्यक्ष जयकुमार कुशवाहा एवं सभी वार्डों के पार्षद सहित देवेंद्रनगर के वार्ड क्रमांक 10 11 एवं 12 की नगरवासी एवं प्रशासनिक अमले में तहसीलदार देवेंद्रनगर श्रीमती ममता मिश्रा, नगर परिषद अधिकारी दिनेश जड़िया सहित समस्त विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे विकास यात्रा के उद्देश्य को पूर्ण करते हुए यात्रा निकाली गई जिसमें जन जागरूकता अभियान के तहत स्वच्छता रैली एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किए गए जिसमें देवेंद्रनगर नगर पालिका के अंतर्गत स्वच्छता निरीक्षक श्री शत्रुंजय बुंदेला जी का पूर्ण सहयोग रहा एवं रचना महिला समिति द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए गए इन कार्यक्रमों में पूर्व मंडल अध्यक्ष ललित गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता(बबलू भैया), प्रियव्रत गौतम ,निक्की जायसवाल ,सबके चहेते सेल्समैन मनोज पांडे जी सहित गौरीशंकर कुशवाहा, रहीशा बेगम, रुबीना उस्मानी,उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी जन कल्याणकारी योजनाओं को घर तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है प्रशासन का पूरा सहयोग हो रहा है।

## बिस्तर पर खराब परफॉरमेंस से जूझ रहे हैं? डेली डाइट में शामिल करें ये फूड्स



लोगों की बिगड़ी लाइफस्टाइल और खानपान की गलत आदतों की वजह से उनकी सेक्स लाइफ बुरी तरह प्रभावित हो रही है। सेक्स लाइफ का खराब होना सिर्फ रिश्ते के लिए ही नहीं बल्कि एक व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वाथ्य के लिए भी अच्छा नहीं है। इसलिए भागदौड़ भरी जिंदगी में से समय निकालकर हर व्यक्ति को अपनी सेक्स लाइफ पर ध्यान देना चाहिए। सेक्स लाइफ को बेहतर बनाने के लिए मार्किट में बहुत सी दवाईयां उपलब्ध है। इसके अलावा बहुत से नेचुरल तरीके भी है, जिनकी मदद से लोग अपनी सेक्स लाइफ को बेहतर बना सकते हैं। अगर आप नेचुरल तरीके से सेक्स लाइफ को बेहतर बनाना चाहते हैं तो अपनी डाइट में सेक्स पॉवर बढ़ाने वाले फूड्स को शामिल कर सकते हैं। चलिए हम आपको बतातें हैं कि सेक्स पावर बढ़ाने के लिए आपको किन फूड्स को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए।

तुलसी- चाय का स्वाद बढ़ाने के लिए तुलसी के पत्तों का इस्तेमाल किया जाता है। तुलसी के पत्तों में अपनी एक खुशबु होती है, जो ब्लड फ्लो को स्टिमुलेट और प्रमोट करने में मदद करती है। शरीर में ब्लड का अच्छा फ्लो सेक्स लाइफ को बेहतर बनाने का काम करता है। बता दें, तुलसी को विदेशों में प्यार और सेक्स का सिंबल माना जाता है।

लहसून- महिला और पुरुष, जो बिस्तर पर खराब सेक्स परफॉरमेंस से जूझ रहे हैं उनको अपनी डेली डाइट में लहसून को शामिल करना चाहिए। लहसून में एंटीकोगुलेंट गुण पाए जाते हैं, जो प्राइवेट पार्ट्स में ब्लड सकुर्लेशन को बढ़ाता है। प्राइवेट पार्ट में खून के बहाव बढ़ने से लोगों की उत्तेजना महसूस करने की क्षमता बढ़ जाती है।

शहद- रोमांच से भरपूर सेक्स सेशन के बावजूद अगर आप संतुष्ट नहीं हो पा रहे हैं तो शहद को अपनी डाइट में शामिल करें। शहद में बोरोन नाम का मिनरल पाया जाता है, जो शरीर में टेस्टोस्टेरोन हार्मोन को बढ़ाता है। टेस्टोस्टेरोन हार्मोन का स्तर बढ़ने से लोगों की सेक्स करने की इच्छा बढ़ती है। इसके अलावा शहद लोगों का स्टैमिना भी बढ़ाता है। शहद को दूध के साथ मिलाकर पीने से इसके फायदे दोगुने हो जाते हैं।

अजीर- अजीर एक ऐसा सुपरफूड है, जो लोगों की लगभग सभी सेक्स संबंधी परेशानियों को दूर करने का काम करता है।

## विकास यात्रा का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को अविलम्ब मिल सके : सहकारिता मंत्री डॉ भदौरिया

### विकास यात्रा कार्यक्रम अंतर्गत 946.13 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं भूमिपूजन हुआ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । प्रदेशव्यापी विकास यात्रा निरंतर जारी है। विकास यात्रा के क्रम में आज सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया के नेतृत्व में विकास खण्ड अटेर के ग्राम पुर से विकास यात्रा प्रारंभ होकर लावन, खुर्द, अमृतपुरा, पिडौरा एवं इम्लाडी में विकास यात्रा का समापन हुआ। जिसमें सहकारिता मंत्री के द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं एवं उनके लाभ के संबंध में जानकारी ग्रामीणजनों को दी गई। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं कन्या पूजन कर किया गया। विकास यात्रा कार्यक्रम में सहकारिता मंत्री के द्वारा जनसेवा अभियान अंतर्गत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभांवित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकास यात्रा कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणजनों और मातृशक्तियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकास यात्रा का उद्देश्य यही है कि शासन की मंशा के अनुरूप कोई भी पात्रताधारी हितग्राही हितलाभ से वंचित ना रहे। विकास यात्रा के माध्यम से व्यक्तियों का चिन्हांकन किया जा रहा है कि पूर्व में उन्हें किसी योजना का लाभ मिला है कि नहीं और उनकी पात्रता किन-किन योजनाओं के लाभ लेने पर सटीक बैठ रही है ताकि शेष योजनाओं का लाभ उन्हें अविलम्ब मिल सके। उन्होंने शासन के प्रदेशव्यापी इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम के उद्देश्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि कोई भी पात्रताधारी योजनाओं के हितलाभ से वंचित ना रहे। यदि किन्हीं कारणों से कोई व्यक्ति छूट जाता है उस तक हितलाभ पहुंचाने का दायित्व हम सबका है इसके लिए हम सब विकास यात्रा के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों का चिन्हांकन कर उन्हें उल्लेखित योजनाओं के तहत् लाभ दिलाने का सफल प्रयास कर रहे हैं। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में एवं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश में विकास की गंगा बहा दी है। देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि वर्ष 2024 तक कोई भी गरीब झोपड़ी में नहीं रहेगा, हर गरीब अपने पक्के घर में रहेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत् वर्ष 2024 तक हर गरीब का पक्का घर होगा और जल



जीवन मिशन योजना अंतर्गत हर घर टोंटी वाले नल से पानी पहुंचेगा। सहकारिता मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने कहा कि महिलाओं की सुविधा हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने विभिन्न प्रकार की योजनाएं प्रारंभ की हैं। यह अपने आप में एक अनोखा उदाहरण है। उन्होंने योजनाओं के बारे में बताते हुए कहा कि उज्जवला योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना और अब लाड़ली बहना योजना शुरू की है। मुख्यमंत्री जी की मंशानुसार लाड़ली बहना योजना अंतर्गत 08 मार्च 2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से आवेदन फॉर्म भराए जाएंगे और शीघ्र ही पात्र महिलाओं के खातों में प्रतिमाह एक-एक हजार रुपये की राशि मुख्यमंत्री जी द्वारा पहुंचाई जाएगी। लाड़ली बहना योजना के तहत् गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार की सभी बहनों के बैंक खातों में 12 हजार रूपये प्रतिवर्ष डाले जाएंगे। माताओं, बहनों को चिन्हित करने के लिए गांव-गांव और सभी वार्डों में जाकर आवेदन भरवाए जायेंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड स्वास्थ्य सुविधाओं का एटीएम है जो कार्ड दिखाकर अब कहीं भी पांच लाख तक के इलाज कार्ड धारक करा सकते हैं। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया द्वारा विकास खण्ड अटेर के ग्राम पुर, लावन, खुर्द, अमृतपुरा, पिडौरा एवं इम्लाडी में विकास रथ यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रमों में 946.13 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया गया। जिसमें विकासखण्ड अटेर के ग्राम पुर में 14.92 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 9.37 लाख की लागत से सीसी नाला निर्माण कार्य, 3.43 लाख की लागत से सामुदायिक स्वच्छता परिसर, 2.12 लाख की लागत से पेवर ब्लॉक कार्य का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकास रथ यात्रा के दौरान 866.30 लाख की लागत से एन.एच. 92 से लावन (नीमगांव) तक 8.50 कि.मी. एम.डी.आर. मार्ग का लोकार्पण किया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकास खण्ड अटेर के ग्राम लावन में 43.87 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिसमें 15 लाख की लागत से शान्ति धाम बाउण्ड्री वॉल कार्य, 14.99 लाख की लागत से नाला निर्माण कार्य, 13.88 लाख की लागत से नवीन हाट बाजार कार्य का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकास खण्ड अटेर के ग्राम खुर्द में 12.21 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 5.95 लाख की लागत से सीसी रोड़ निर्माण, 3.43 लाख की लागत से सामुदायिक स्वच्छता परिसर, 2.83 लाख की लागत से शान्ति धाम का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। सहकारिता एवं लोकसेवा प्रबंधन मंत्री डॉ अरविन्द सिंह भदौरिया ने विकास खण्ड अटेर के ग्राम पिडौरा में 8.83 लाख से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें 5.40 लाख की लागत से नाला निर्माण, 3.43 लाख की लागत से सामुदायिक स्वच्छता परिसर का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

## खांसी में राहतकारी शहद-अदरक




भारतीय घरों में हल्की-फुल्की खांसी के इलाज के लिए अकसर घरेलू नुस्खे अपनाये जाते हैं। लेकिन घरेलू दवाई लेने से पहले यह पहचान करनी जरूरी है कि खांसी सूखी है या तर (गीली)। दरअसल सूखी खांसी में धसका उठता है। वहीं तर खांसी में म्यूकस भी आता है। वहीं आयुर्वेद के अनुसार, खांसी होने पर घरेलू नुस्खे मौसम के मुताबिक ही इस्तेमाल करें तो बेहतर है। वैसे सर्दी के मौसम में खांसी होने की स्थिति गर्मियों के बजाय कुछ ज्यादा ही रहती है। यहां सर्दियों की सूखी खांसी से बचाव के कुछ घरेलू नुस्खों का जिक्र किया जा रहा है।


## 27 को बंद रहेगी सरकारी अस्पताल की रेडियोलॉजी विभाग में एक्सरे मशीन, 11 सूत्रीय मांगों को लेकर कर्मचारी रहेंगे सामूहिक अवकाश पर

**दैनिक पुस्पांजली टुडे**

**गोहद।** प्रगतिशील रेडियोग्राफर संघ मप्र के आह्वान पर प्रदेश में रेडियोग्राफर, डार्क रूम असिस्टेंट व एक्स-रे विभाग से जु- कर्मचारी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिन के सामूहिक अवकाश पर रहेंगे तथा प्रदर्शन करेंगे। इसके अंतर्गत प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज, जिला चिकित्सालयों व अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों का इलाज प्रभावित होगा। चम्बल सम्भागीय संघ के अध्यक्ष रवि जोशी ने बताया कि हमारी प्रमुख मांगें, विकिरण जोखिम भत्ता, ग्रेड-पे एवं पदनाम रेडियोलॉजी ऑफिसर करने सहित आदि 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सरकार से मनवाने के लिए यह प्रदर्शन किया जा रहा है। इस संबंध जिलों के सभी सीएचसी, सिविल अस्पताल, जिला अस्पतलों में सीएमएचओ के नाम से सामुहिक अवकाश का आवेदन दिया गया है। जिसमें बताया गया है कि प्रगतिशील रेडियोग्राफर संघ मप्र के प्रांतीय आह्वान पर जिले के सभी रेडियोग्राफर डार्क रूम असिस्टेंट अपनी मांगों को लेकर 27 फरवरी को सामूहिक अवकाश पर रहेंगे। इससे मरीजों, शासकीय सुविधा लाभार्थियों तथा सामान्य मरीजों के साथ साथ इमरजेंसी, एक्सीडेंट, पुलिस केस एमएलसी के एक्सरे से संबंधित सुविधाएं विशेष रूप से प्रभावित होंगी। जिसकी पूर्ण जम्मिदारी प्रशासन की होगी।

# सेमीफाइनल में भारत के सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती

नई दिल्ली भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पिछले टी20 विश्व कप का फाइनल खेला गया था। तब कंगारू टीम ने जीत हासिल की थी। टीम इंडिया सेमीफाइनल में उस हार का बदला लेने उतरेगी। दक्षिण अफ्रीका में चल रहे महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल भारत के सामने ऑस्ट्रेलिया की चुनौती है। दोनों टीमों के बीच यह मुकाबला गुरुवार (23 फरवरी) को केप टाउन में खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पिछले टी20 विश्व कप का फाइनल खेला गया था। तब कंगारू टीम ने जीत हासिल की थी। टीम इंडिया सेमीफाइनल में उस हार का बदला लेने उतरेगी। भारत की बेटियों को लगातार दूसरे टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने के लिए गुरुवार को लगातार 22 मैचों से अपराजेय ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करिश्माई प्रदर्शन करना होगा। ऑस्ट्रेलिया का टी20 विश्व कप में किस कदर दबदबा रहा है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है इस टीम ने अब तक हुए सात टी20 विश्व कप में से छह में






फाइनल में प्रवेश किया है और पांच बार विजेता बना है। आइए जानते हैं मैच के प्रसारण और ऑनलाइन टेलीकास्ट से जुड़ी सारी जानकारी... कब है भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला टी20 विश्व कप का मैच? भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला टी20 विश्व कप का सेमीफाइनल मैच 23 फरवरी (गुरुवार) को खेला जाएगा। कहां खेला जाएगा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला टी20 विश्व कप का मैच? भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला टी20 विश्व कप का मैच केप टाउन के न्यूलैंड्स ग्राउंड पर खेला जाएगा। कब शुरू होगा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला टी20 विश्व कप का मैच? भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच महिला टी20 विश्व कप का मैच भारतीय समयानुसार शाम 6:30 बजे से खेला जाएगा। टॉस शाम छह बजे होगा। कौन से टीवी चैनल पर प्रसारित होगा मैच? महिला टी20 विश्व कप के मैच प्रसारण का अधिकार स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क के पास है। आप स्टार स्पोर्ट्स के अलग-अलग चैनल पर हिंदी और अंग्रेजी के अलावा देश की अन्य भाषाओं में कमेंट्री के साथ यह मैच देख सकते हैं। फोन या लैपटॉप पर कैसे देख सकते हैं लाइव मैच? इस मैच की लाइव-स्ट्रीमिंग भारत में हॉटस्टार एप पर देखी जा सकती है। इसके अलावा आप मैच से जुड़ी खबरें, लाइव अपडेट्स और रिकॉर्ड्स पर भी पढ़ सकते हैं। दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 भारतः शेफाली वर्मा, स्मृति मंधाना, जेमिमा रॉड्रिग्ज, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), ऋचा घोष (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, शिखा पांडे, राधा यादव, राजेश्वरी गायकवाड़, रेणुका सिंह। ऑस्ट्रेलियाः एलिसा हीली (विकेटकीपर), बेथ मूनी, मेग लैनिंग (कप्तान), एलिस पेरी, एश्ले गार्डनर, ताहलिया मैकग्रा, ग्रेस हैरिस, जॉर्जिया वेयरहम, अलाना किंग, मेगन सुट, डार्सी ब्राउन।

# सऊदी अरब में तलवार लेकर जश्न मना रहे रोनाल्डो, सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

**रियाद** । वायरल वीडियो में रोनाल्डो के हाथ में तलवार और कंधे में सऊदी अरब का झंडा देखा जा सकता है। इस





वीडियो में उनके फैंस तरह-तरह के कमेंट कर रहे हैं। फुटबॉल के स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो अपने नए क्लब अल नस्त्र के साथ जुड़ने के बाद लगातार चर्चा में रहते हैं। वह इस क्लब के लिए अब तक ज्यादा मैच नहीं खेले हैं, लेकिन अलग-अलग वजहों से चर्चा में बने हुए हैं। अब रोनाल्डो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो रोनाल्डो सऊदी अरब के पारंपरिक कपड़ों में दिख रहे हैं। उनके हाथ में तलवार नजर आ रही है और कंधे में सऊदी अरब का झंडा देखा जा सकता है। यह वीडियो उनके फुटबॉल क्लब अल नस्त्र के सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर किया गया है। अल नस्त्र ने रोनाल्डो के अलावा भी कई खिलाड़ियों का वीडियो शेयर किया है। वीडियो सऊदी अरब के स्थापना दिवस के हैं। इस मौके पर सभी खिलाड़ियों ने एक कार्यक्रम में भाग लिया था और सऊदी अरब के स्थापना दिवस का जश्न मना रहे थे। रोनाल्डो ने सऊदी अरब के पारंपरिक तलवार नृत्य अल अरदा में भी भाग लिया। उन्होंने इस जश्न का एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा ₹सऊदी अरब को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं।₹ उन्होंने बताया कि सऊदी अरब के स्थापना दिवस में शामिल होना काफी मजेदार रहा। सऊदी अरब की स्थापना 300 साल पहले की गई थी। 1727 में इसका आधिकारिक रूप से एलान किया गया था। इसके बाद से 22 फरवरी के दिन सऊदी अरब का स्थापना दिवस मनाया जाता है। अल नस्त्र और अल हिलाल की मिश्रित टीम के लिए अभ्यास मैच में रोनाल्डो ने शानदार खेल दिखाया था, लेकिन उनकी टीम को हार का सामना करना पड़ा था। अब रोनाल्डो की कोशिश अपने क्लब के लिए बेहतरीन प्रदर्शन करने पर होगी।

# सनराइजर्स हैदराबाद ने दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम को बनाया कप्तान, मयंक अग्रवाल को नहीं मिली कमान

नई दिल्ली यह माना जा रहा था कि सनराइजर्स हैदराबाद की टीम भुवनेश्वर कुमार, एडेन मार्करम और मयंक अग्रवाल में से किसी एक को कप्तान बनाएगी। भुवनेश्वर 2013 से ही टीम के साथ जुड़े हुए हैं। मयंक को पिछले





साल दिसंबर में टीम ने 8.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। सनराइजर्स हैदराबाद ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सीजन के लिए दक्षिण अफ्रीका के एडेन मार्करम को टीम का कप्तान बनाया है। मार्करम दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग एसएटी20 (रअ20) में हैदराबाद फ्रेंचाइजी की टीम सनराइजर्स ईस्टर्न केप के कप्तान हैं। उन्होंने एसएटी20 के पहले सीजन में टीम को चैंपियन बनाया। उसका इनाम फ्रेंचाइजी ने उन्हें दिया है और आईपीएल की टीम की कप्तानी सौंपी है। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले साल दिसंबर में आईपीएल नीलामी से पहले कप्तान केन विलियम्सन को टीम से बाहर कर दिया था। विलियम्सन को फ्रेंचाइजी ने पिछले साल के शुरू में मेगा ऑक्शन से पहले रिटेन किया था। वह टूनार्मेंट में बेहतर प्रदर्शन नहीं कर सके और सनराइजर्स की टीम प्लेऑफ में भी नहीं पहुंच पाई थी। टीम आईपीएल में आठवें स्थान पर थी। वह पिछले साल टीम के आखिरी मैच में भी नहीं खेले थे। उनके स्थान पर भुवनेश्वर कुमार ने कप्तानी की थी। मयंक के साथ भुवनेश्वर भी हुए दरकिनार यह माना जा रहा था कि सनराइजर्स हैदराबाद की टीम भुवनेश्वर कुमार, एडेन मार्करम और मयंक अग्रवाल में से किसी एक को कप्तान बनाएगी। भुवनेश्वर 2013 से ही टीम के साथ जुड़े हुए हैं। मयंक को पिछले साल दिसंबर में टीम ने 8.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्होंने पिछले साल आईपीएल में पंजाब किंग्स की कप्तानी की थी। ऐसे में उनके अनुभव को देखते हुए लग रहा था कि वह कप्तान बन सकते हैं, लेकिन फ्रेंचाइजी ने मार्करम पर भरोसा जताया है। मार्करम ने किया है शानदार प्रदर्शन मार्करम के एसएटी20 में प्रदर्शन को देखें तो उन्होंने 12 मैचों में 127 की स्ट्राइक रेट से 369 रन बनाए थे। उन्होंने एक शतक भी लगाया था। मार्करम ने गेंदबाजी में भी कमाल किया था। उन्होंने 6.19 की इकोनॉमी रेट से 11 विकेट झटके थे। सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले साल मेगा ऑक्शन में मार्करम को 2.6 करोड़ रुपये में खरीदा था। उन्होंने आईपीएल में 12 पारियों में 139.05 की स्ट्राइक रेट से 381 रन बनाए थे।

# भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का एलान, मैक्सवेल सहित तीन खिलाड़ियों की वापसी

**नई दिल्ली** । भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ग्लेन मैक्सवेल, मिशेल मार्श और झाय रिचर्डसन को ऑस्ट्रेलियाई टीम में चुना गया है। ये तीनों खिलाड़ी चोट से वापसी कर रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तीन मैच की वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का एलान कर दिया गया है। 16 सदस्यीय टीम में कई बड़े खिलाड़ियों की वापसी हुई है, जो चोट की वजह से टीम से बाहर थे। स्पिन ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी इस सीरीज में वापसी करेंगे। वह पैर की चोट से जूझ रहे थे। टखने की चोट से जूझ रहे मिशेल मार्श भी टीम में वापस आए हैं। इन दोनों के अलावा झाय रिचर्डसन की भी टीम में वापसी हुई है। वह हैम्सट्रिंग की चोट के चलते टीम से बाहर थे। पैट कमिंस को वनडे टीम की भी कप्तानी सौंपी



गई है। डेविड वॉर्नर, स्टीव स्मिथ और मार्नस लाबुशेन जैसे स्टार बल्लेबाज भी इस सीरीज में कंगारू टीम का हिस्सा होंगे। मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने बताया कि इस साल के अंत में भारत में होने वाले आईसीसी वनडे क्रिकेट विश्व कप से पहले यह सीरीज ऑस्ट्रेलिया को अभ्यास करने का अच्छा मौका देगी। बेली ने कहा, ₹विश्व कप सिर्फ सात महीने दूर है और भारत में होने वाले ये मैच हमारी तैयारियों की दिशा में अहम कदम हैं। ग्लेन, मिशेल और झाय सभी महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं, जो हमें लगता है कि टीम अक्टूबर में टीम का हिस्सा हो सकते हैं। अनुभवी तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का भी दौरा करने वाली टीम में नाम है, वह लगातार चोट से जूझ रहे हैं और बिना कोई मैच खेले भारत के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हो चुके हैं। बेली ने कहा, ₹जोश के लिए इस सीरीज का हिस्सा बनना बहुत अच्छा होगा, लेकिन हमने इंग्लैंड के महत्वपूर्ण दौरे से पहले जरूरी कदम उठाया है, जिसमें वह एक अहम खिलाड़ी होंगे।₹ ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच पहला वनडे 17 मार्च को मुंबई में है, दूसरा मैच 19 मार्च को वाइजैग और तीसरा वनडे 22 मार्च को चेन्नई में होगा। भारत के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम पैट कमिंस (कप्तान), सीन एबॉट, एश्टन एगर, एलेक्स कैरी, कैमरून ग्रीन, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, मार्नस लाबुशेन, मिशेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, झाय रिचर्डसन, स्टीव स्मिथ, मिशेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जैम्पा।

# हरे निशान पर खुलकर फिसला बाजार, सेंसेक्स 57 अंक टूटा, निफ्टी 17550 के नीचे

**नई दिल्ली** । हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को घरेलू शेयर बाजार में कारोबार की शुरूआत ऐसे तो हरे निशान पर हुआ पर बाजार खुलते ही यह नीचे फिसल गया। फिलहाल सेंसेक्स 101.59 अंकों की गिरावट के साथ 59,643.39 अंकों के लेवल पर जबकि निफ्टी 21.65 अंकों की गिरावट 17,532.65 अंकों के लेवल पर कारोबार कर रहा है। शुरूआती कारोबार में गेल के शेयरों में 2 प्रतिशत की बढ़त जबकि एएछ के शेयरों में 6% की गिरावट दिख रही है। आरबीआई एमपीसी के मिनट्स और



फेडरल रिजर्व की बैठक के ब्योरे से पता चला कि लगभग सभी नीति निमार्ताओं ने ब्याज दरों में छोटी वृद्धि का समर्थन किया है। इसके बाद गुरुवार को भारतीय इक्विटी सूचकांक सपाट खुले। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का 50 शेयरों पर आधारित संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह 9.49 बजे 80 (0.45%) अंकों की गिरावट के साथ 17,500 के स्तर से नीचे जबकि एसएंडपी बीएसई सेंसेक्स 322 अंकों या 0.54% फीसदी की गिरावट के साथ 59,422.14 अंकों के लेवल पर कारोबार करता दिखा।

# वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण महंगाई के खिलाफ लड़ाई जटिल बनी, एमपीसी के मिनट्स जारी


**नई दिल्ली** । रिजर्व बैंक ने आठ फरवरी को नीतिगत दर रेपो में .25 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 6.5 प्रतिशत कर दिया था। पिछले साल मई के बाद से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से ब्याज दरों में यह छठी वृद्धि थी। इसमें अब तक 250 बेसिस प्वाइंट यानी 2.5% की वृद्धि की जा चुकी है। रिजर्व बैंक के डिप्टी गवर्नर माइकल देवव्रत पात्रा ने आठ फरवरी को मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक के दौरान कहा कि वैश्विक अनिश्चितता ने मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई को जटिल बना




दिया है। बुधवार को जारी एमपीसी की बैठक के ब्योरे के अनुसार आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह भी उल्लेख किया कि गैर-तेल वस्तुओं की बढ़ती कीमतों जैसे कई वैश्विक कारकों के कारण काफी अनिश्चितता है। रिजर्व बैंक ने आठ फरवरी को नीतिगत दर रेपो में .25 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 6.5 प्रतिशत कर दिया था। पिछले साल मई के बाद से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से ब्याज दरों में यह छठी वृद्धि थी। इसमें अब तक 250 बेसिस प्वाइंट यानी 2.5% की वृद्धि की जा चुकी है। उन्होंने कहा, 'मुद्रास्फीति के खिलाफ लड़ाई वैश्विक परिदृश्य के हिसाब से जटिल है। पात्रा ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के ब्योरे के अनुसार कहा, 'वैश्विक मुद्रास्फीति का परिदृश्य पहले की तुलना में अधिक अनिश्चित होता जा रहा है। छह सदस्यीय एमपीसी के प्रमुख और रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने यह भी कहा कि मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक वित्तीय बाजार में उतार-चढ़ाव, गैर-तेल वस्तुओं की बढ़ती कीमतों, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और मौसम संबंधी घटनाओं के कारण मुद्रास्फीति को लेकर इस स्तर पर काफी अनिश्चितता है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्याज दरों में 25 बेसिस प्वाइंट की वृद्धि से भविष्य की मौद्रिक नीति की कार्रवाई और वृहद आर्थिक परिस्थितियों के आधार पर रुख को अनुकूलित करने की गुंजाइश बनती है। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के तीन बाहरी सदस्यों में से दो इस महीने प्रमुख ब्याज दर बढ़ाने के पक्ष में नहीं थे और उनमें से एक ने कहा कि इसकी जरूरत नहीं है क्योंकि मुद्रास्फीति कम महोने की उम्मीद है और आर्थिक वृद्धि चिंता का विषय बनी हुई है।

# सेमीफाइनल मैच से पहले भारत को बड़ा झटका, पूजा वस्त्राकर बाहर, हरमनप्रीत के भी खेलने पर संदेह

नई दिल्ली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर का खेलना मुश्किल है। वहीं, तेज






गेंदबाजी ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर पहले ही मैच से बाहर हो चुकी हैं। ऐसे में भारत के लिए फाइनल की राह और मुश्किल हो गई है। महिला टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल मैच से पहले भारतीय टीम को बड़ा झटका लगा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर और ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर बीमार हो गई हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच से पूजा वस्त्राकर बाहर हो गई हैं। वहीं हरमनप्रीत कौर का भी इस मैच में खेलना मुश्किल है। मजबूत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टीम इंडिया को कमजोर माना जा रहा है। ऐसे में कप्तान हरमनप्रीत के बाहर होने पर भारत के लिए ऑस्ट्रेलिया को हरा पाना बेहद मुश्किल होगा। पूजा वस्त्राकर को सांस लेने में परेशानी हो रही है। उनके गले में संक्रमण हुआ है। वहीं, कप्तान हरमनप्रीत अब तक बुखार से उबर नहीं पाई हैं। हरमनप्रीत कौर, पूजा वस्त्राकर और राधा यादव अस्पताल पहुंची थीं और जांच कराई। अब तक यह साफ नहीं है कि हरमनप्रीत इस मैच में खेलेंगी या नहीं। फिलहाल मेडिकल टीम सभी खिलाड़ियों की देखरेख कर रही है। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर पूजा वस्त्राकर की जगह स्पिन ऑलराउंडर स्नेह राणा को टीम में शामिल किया गया है। वहीं, हरमनप्रीत के नहीं खेलने पर स्मृति मंधाना टीम की कमान संभालेंगी। वहीं, टीम में हरलीन देओल या यास्तिका भाटिया को हरमनप्रीत कौर की जगह मौका दिया जा सकता है। इस टूनार्मेंट में भारत ने चार मैचों में छह अंकों के साथ सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया है। हरमनप्रीत के नेतृत्व वाली टीम पाकिस्तान, वेस्टइंडीज और आयरलैंड को हराने में सफल रही थी, उनकी एकमात्र हार इंग्लैंड के खिलाफ आई थी। अगर हरमनप्रीत मैच नहीं खेलती हैं, तो उप-कप्तान स्मृति मंधाना टीम की अगुआई कर सकती हैं। राधा यादव की फिटनेस को लेकर भी सवाल हैं, क्योंकि वह आयरलैंड के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाई थीं। सेमीफाइनल मुकाबले से पहले हरमनप्रीत ने टीम इंडिया के सामने चुनौतियों पर बात की थी। हरमनप्रीत ने कहा था ₹हमने वास्तव में अच्छी शुरूआत की, लेकिन बीच के ओवरों में, हमने योजना के अनुसार गेंदबाजी नहीं की और बहुत अधिक रन दिए। यहीं पर हमने गति खो दी। हम बल्ले से अच्छा कर रहे थे, लेकिन हम जो रन रेट चाहते थे वह नहीं मिला और इसलिए हमने विकेट खो दिए। हरमनप्रीत ने भारतीय बल्लेबाजों के डॉट गेंद खेलने पर भी बात की थी। भारत ने आयरलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 155 रन की अपनी पारी में 41 गेंदों में कोई रन नहीं बनाया था। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ भारत ने 51 गेंदों में कोई रन नहीं बनाया था। आयरलैंड के खिलाफ स्मृति मंधाना ने अपने करियर की सबसे बड़ी पारी (87 रन) के साथ टीम इंडिया को जीत दिलाई थी, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ भारत को हार का सामना करना पड़ा था। विकेट लेने के बाद रेणुका सिंह ठाकुर हरमनप्रीत ने इस पर कहा था ₹विश्व कप के मैच हमेशा कुछ ऐसे होते हैं, जहां दोनों टीमें हमेशा दबाव में रहती हैं। मुझे लगता है कि इन मैचों में अगर 150 रन बोर्ड पर हैं, तो आप हमेशा आगे रहते। हम खुद पर बहुत अधिक दबाव नहीं डाल रहे हैं। हम बस मैदान में जा रहे हैं और समझ रहे हैं कि वहां क्या स्थिति है और बस स्थिति के अनुसार खेल रहे हैं। डॉट गेंदें कुछ ऐसी हैं जो पहले से ही हमें चिंतित कर रही हैं। अगले मैच में, हम उस क्षेत्र में भी कुछ सुधार देखना पसंद करेंगे।

# तेल कंपनियों ने जारी किए पेट्रोल-डीजल के दाम, जानें आपके शहर की कीमतें

**नई दिल्ली** । तेल कंपनियों ने आज के लिए पेट्रोल और डीजल के दाम जारी कर दिए हैं। आज कंपनियों ने तेल के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। तेल कंपनियों ने आज के लिए पेट्रोल और डीजल के दाम जारी कर दिए हैं। आज कंपनियों ने तेल के दामों में कोई बदलाव नहीं किया है। आज दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर जबकि डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। मुंबई में पेट्रोल की कीमत 106.31 रुपये व डीजल की कीमत 94.27 रुपये प्रति लीटर है।



कोलकाता में पेट्रोल का दाम 106.03 रुपये जबकि डीजल का दाम 92.76 रुपये प्रति लीटर है। वहीं चेन्नई में भी पेट्रोल 102.63 रुपये प्रति लीटर तो डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर है। जानें प्रमुख महानगरों में कितनी है कीमत आज दिल्ली, कोलकाता, मुंबई और चेन्नई जैसे शहरों में एक लीटर पेट्रोल और डीजल की कीमतें इस प्रकार हैं। जानिए आपके शहर में कितना है दाम पेट्रोल-डीजल की कीमत आप एसएमएस के जरिए भी जान सकते हैं। इंडियन ऑयल की वेबसाइट पर जाकर आपको ऋढ और अपने शहर का कोड लिखकर 9224992249 नंबर पर भेजना होगा। हर शहर का कोड अलग-अलग है, जो आपको आईओसीएल की वेबसाइट से मिल जाएगा। बता दें कि प्रतिदिन सुबह छह बजे पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव होता है। सुबह छह बजे से ही नई दरें लागू हो जाती हैं। पेट्रोल व डीजल के दाम में एक्साइज ड्यूटी, डीलर कमीशन और अन्य चीजें जोड़ने के बाद इसका दाम लगभग दोगुना हो जाता है। इन्हीं मानकों के आधार पर पर पेट्रोल रेट और डीजल रेट रोज तय करने का काम तेल कंपनियां करती हैं।



# सौरव गांगुली का किरदार निभाएंगे रणबीर कपूर

*मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर सिल्वर स्क्रीन पर भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि सौरभ गांगुली के जीवन पर फिल्म बनने जा रही है। फिल्म में उनका किरदार रणबीर कपूर निभाते नजर आ सकते हैं। कहा जा रहा है कि सौरव गांगुली ने अपनी बायोपिक की स्क्रिप्ट को मंजूरी दे दी है। जल्द से जल्द फिल्म की शूटिंग का काम भी शुरू हो जाएगा। सौरव गांगुली को भारतीय क्रिकेट टीम के सफल कैप्टन्स में से एक माना जाता है। बताया जा रहा है कि सौरव गांगुली की यह बायोपिक नेट वेस्ट सीरीज में गांगुली की परफॉर्मेंस और पत्नी डोना के साथ उनके रिश्तों पर फोकस करेगी। आपको बता दें कि साल 2019 में फिल्म की अनाउंसमेंट के बाद से ऋतिक रोशन, रणबीर कपूर और सिद्धार्थ मल्होत्रा सहित बड़े एक्टर्स के नाम सामने आए हैं। अभी तक कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं हुई है कि कौन स्क्रीन पर टीम इंडिया के फॉर्मर कैप्टन का किरदार निभाएगा, लेकिन रणबीर कपूर के नाम चर्चा है। सौरव गांगुली के फैंस ने ये भी खुलासा किया है कि बॉलीवुड सुपरस्टार रणबीर कपूर बायोपिक की शूटिंग से पहले कोलकाता के आइकॉनिक ईडन गार्डन्स, उआइ ऑफिस और सौरव गांगुली के घर का दौरा कर सकते हैं। खबरों के मुताबिक, ये बायोपिक एक बड़े बजट की फिल्म होने वाली है, जिसकी लागत 200-250 करोड़ रुपये होगी। सौरव ने पहले कहा था कि वो जल्दबाजी में नहीं हैं और चाहते हैं कि शूटिंग शुरू करने से पहले सब कुछ फैक्चुअल रूप से सही हो। अब उन्होंने कथित तौर पर स्क्रिप्ट के फाइनल ड्राफ्ट के लिए हां कह दिया है और शूटिंग जल्द ही कोलकाता में शुरू होगी।*

# तीन मिनट में 184 सेल्फी, अक्षय कुमार ने बनाया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

मुंबई। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार अक्षय कुमार ने तीन मिनट में 184 सेल्फी लेकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा दिया है। अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म सेल्फी को लेकर चर्चा में हैं।अक्षय कुमार फिल्म सेल्फी के प्रमोशन के लिए मुंबई की सड़कों पर उतर आए। फिल्म प्रमोशन के दौरान अक्षय कुमार से मिलने और उनके साथ सेल्फी खिचवाने के लिए काफी संख्या में फैंस वहां पर जमा हो गए थे। इस दौरान अक्षय ने तीन मिनट में अपने फैंस के साथ ढ़ेर सारी सेल्फी खिचवाई। 3 मिनट में 184 सेल्फी खीचकर अक्षय ने अपना नाम 'गिनीज वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड' में नाम दर्ज कराया है। राज मेहता के निर्देशन में बनी फिल्म सेल्फी वर्ष 2019 में प्रदर्शित मलयालम भाषा की कॉमिडी-ड्रामा ह्यड्राइविंग लाइसेंसह्ल की रीमेक है। अक्षय कुमार इस फिल्म में पृथ्वीराज सुकुमारन वाला किरदार निभा रहे हैं, जबकि इमरान हाशमी विजय वेंजरममूदु वाले किरदार में दिखाई देंगे। इस फिल्म की कहानी एक मोटर व्हीकल इंस्पेक्टर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक सुपरस्टार का फैन है। वह एक मुश्किल परिस्थिति से उसे निकालने का फैसला लेता है। लेकिन शर्त रख देता है कि वह उससे पर्सनली मिलना चाहता है। दोनों की मुलाकात होती है और मीटिंग में दोनों के बीच ऐसा कुछ होता है कि दोनों आपस में भिड़ जाते हैं। उनकी लड़ाई का असर उनकी प्रोफेशनल लाइफ पर भी पड़ता है। फिल्म सेल्फी 24 फरवरी, 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# लॉकअप के दूसरे सीजन से करण कुंद्रा का पत्ता साफ !

कंगना रणौत एक बार फिर ओटीटी पर अपने रियलिटी शो लॉकअप के साथ वापसी करने जा रही हैं। शो से पहले सीजन को दर्शकों ने काफी पसंद किया था और ऐसे में उन्हें लॉकअप 2 का बेसब्री से इंतजार है। पिछले कुछ हफ्तों से शो सुर्खियों में बना हुआ है। कभी शो के कंटेस्टेंट से जुड़ी खबर सामने आती है, तो इस बार जेलर की भूमिका निभाने वाले करण कुंद्रा चर्चा में हैं।

**जेलर की भूमिका में आए थे नजर**

दरअसल, लॉकअप में कंगना रणौत के अलावा करण कुंद्रा जेलर की भूमिका में नजर आए थे। वह शो में जब भी आते कंटेस्टेंट को मजेदार टास्क देखने को मिलते थे। वहीं, अब कहा जा रहा है कि करण कुंद्रा दूसरे सीजन में जेलर की भूमिका में नजर नहीं आएंगे और उनकी जगह बिग बॉस की विनर रह चुकी रुबीना दिलैक शो का हिस्सा बनेंगी।

**नए शो में दिखेंगे करण**

करण कुंद्रा हाल ही में कलर्स के इश्क में घायल सीरियल का हिस्सा बने हैं। करण शो में मुख्य किरदार निभा रहे हैं और ऐसे में कहा जा रहा है कि अब लॉकअप में रुबीना उन्हें रिप्लेस करेंगी। रुबीना इससे पहले खतरों के खिलाड़ी और झलक दिखला जा जैसे रियलिटी शोज का हिस्सा रह चुकी हैं। हालांकि कुछ समय पहले आ रही ऐसी खबरों को रुबीना ने गलत बताया था, लेकिन अब करण का शो शुरू होने के बाद फिर से जेलर के लिए एक्ट्रेस के नाम ने जोर पकड़ लिया है।

**मुनव्वर ने जीता था पहली सीजन**

बता दें कि लॉकअप का पहला सीजन स्टैंड अप कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी ने जीता था। शो को दर्शकों ने भी काफी पसंद किया था और ऐसे में नए सीजन के लिए सभी एक्साइटेड हैं। अब देखना यह होगा कि इस बार कौन से सितारे कंगना रणौत के लॉकअप में कैदी बनते हैं।



# 23 फरवरी : हिंदी सिने जगत की सबसे खूबसूरत अभिनेत्रियों में शुमार मधुबाला की पुण्यतिथि



नई दिल्ली। किसी खूबसूरत चेहरे को देखते ही बेसाख्ता मुंह से निकल पड़ता है कि इसे ऊपर वाले ने फुरसत में बनाया है। हिंदी फिल्मों की सबसे हसीन अदाकारा मधुबाला के बारे में बेशक यह बात कही जा सकती है। मधुबाला ने हर तरह की फिल्मों में अपनी खूबसूरती और अदाकारी का जलवा बिखेरा। फिर चाहे वह मुगलिया सजधज वाली मुगले आजम हो या फिर किशोर कुमार और बंधुओं के हास्य से भरी चलती का नाम गाड़ी, मधुबाला के दिलकश और शोख अंदाज ने इन्हें यादगार बना दिया। 14 फरवरी 1933 को जन्मी मधुबाला को उनकी खूबसूरती के चलते वीनस आफ हिंदी सिनेमा कहा गया। फिल्मी दुनिया में मधुबाला का सफर बहुत छोटा रहा और उन्होंने मात्र 36 साल की उम्र में 23 फरवरी 1969 को दम तोड़ दिया।

1768 : कर्नल स्मिथ ने हैदराबाद के निजाम के साथ शांति संधि पर दस्तख्त किए, जिसके तहत निजाम ने ब्रिटिश हुकूमत का आधिपत्य स्वीकार कर लिया।

1886 : अमेरिका के आविष्कारक और रसायनशास्त्री मार्टिन हेल ने अल्यूमिनियम की खोज की।

1945 : अमेरिका ने जापान के कब्जे वाले टापू ईवो जीमा पर अपना परचम फहराया। इस टापू की स्थिति सामरिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण थी।

1952 : कर्मचारी भविष्य निधि और विविध प्रावधान अधिनियम पारित।

1964 : चीन ने अपनी स्थिति में बदलाव करते हुए कश्मीर मसले पर पाकिस्तान का खुलकर समर्थन किया।

1969 : हिंदी सिनेमा की मशहूर और खूबसूरत अदाकारा मधुबाला का निधन।

1981 : स्पेन में दक्षिणपंथी सेना ने सरकार का तख्ता पलट दिया, जिससे राजनीतिक अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई।

2004 : हिन्दी फिल्मों के प्रतिभाशाली अभिनेता, पटकथा-लेखक, निमार्ता, निर्देशक और संपादक विजय आनन्द का निधन। उनकी फिल्म गाइड को भारतीय सिनेमा की बेहतरीन फिल्मों में शुमार किया जाता है।

2006 : भारत ने पाकिस्तान को सर्वाधिक तरजीह प्राप्त राष्ट्र का दर्जा देने की सिफारिश मंजूर कर ली।

2009 : फिल्मों और टेलीविजन कार्यक्रमों में धूम्रपान के दृश्य दिखाने पर लगा प्रतिबंध समाप्त कर दिया गया।

2010 : कतर ने भारत के मशहूर चित्रकार एम.एफ.हुसैन को अपने देश की नागरिकता दी।

2020 : अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने एक महत्वपूर्ण आदेश में म्यांमार से रोहिंग्या आबादी को सुरक्षा देने को कहा।

2020 : ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ द्वितीय ने ब्रिटिश सरकार के ब्रेक्जिट कानून को मंजूरी दी।

2020 : भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 80वें स्थान पर लुढ़का। डेनमार्क और न्यूजीलैंड संयुक्त रूप से शीर्ष पर बने रहे।

# देश के खिलाफ जंग लड़ती दिखेंगी रानी मुखर्जी, दमदार मां बन हुई स्क्रीन पर वापसी



बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी अपनी बेहतरीन अदाकारी के लिए जानी जाती हैं। एक्ट्रेस जिस किरदार को निभाते हैं उसमें ढल जाती हैं। वहीं, अब वह अपनी फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के साथ एक बार फिर फैंस का दिल जीतने आ गई हैं। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया, जिसमें आपको एक सच्ची कहानी देखने को मिलेगी जिसके बारे में आपने जरूर सुना होगा। यह एक मां की अपने बच्चों के लिए पूरे देश के खिलाफ लड़ाई है।

# भाई को बनाया स्टार, भांजी से की शादी, विवादों में रही इस फिल्ममेकर की जिंदगी



बॉलीवुड के चर्चित और मशहूर डायरेक्टर विजय आनंद की आज डेथ एनिवर्सरी है। विजय आनंद ने 70-80 के दशक में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के लिए कई शानदार फिल्मों का निर्माण किया था। उन्होंने दुनिया को काला बाजार, तेरे घर के सामने, गाइड ज्वेल थीफ, जॉनी मेरा नाम, तेरे मेरे सपने कोरा कागज जैसी कई सुपरहिट फिल्में दी। फिल्मी करियर के अलावा गोल्डी की निजी जिंदगी भी काफी चर्चा में रही तो चलिए आपको रूबरू कराते हैं अभिनेता विजय आनंद की जिंदगी से जुड़ी कुछ अनसुनी बातों से...

विजय आनंद ने अपने करियर में रोमांटिक, कॉमेडी, फैमिली ड्रामा, थ्रिलर हर तरह की फिल्में बनाईं। ठीक इसी तरह उनकी रियल लाइफ भी काफी उतार-चढ़ाव से भरी रही। 22 जनवरी 1934 को पंजाब के गुरदासपुर में जन्मे विजय आनंद को गोल्डी आनंद के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने लीक से हटकर फिल्में बनाईं और फिल्म इंडस्ट्री में मशहूर निर्देशक के रूप में पहचान स्थापित की। विजय अपने तीन भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके दो बड़े भाई डायरेक्टर-प्रॉड्यूसर चेतन आनंद और अभिनेता-निर्देशक देव आनंद थे। इन तीन भाइयों ने साथ मिलकर ह्यनवकेतन फिल्म्सह्ल शुरू की थी। यह एक ऐसा प्रॉडक्शन हाउस था, जो अपनी फिल्मों की बेहतरीन कहानियों और यादगार संगीत के लिए जाना जाता है।

विजय आनंद ने सिर्फ 23 साल की उम्र में नौ दो ग्यारह बनाकर डायरेक्टर के रूप में अपनी पहचान बना ली थी। फिल्म गाइड की सफलता के बाद उन्होंने तेरे मेरे सपने (1971) बनाई, जो नहीं चली। इससे विजय आनंद को गहरा धक्का लगा और वह डिप्रेशन में आ गए। विजय आनंद ओशो की शरण में चले गए। अपना नाम स्वामी विजय आनंद भारती रख लिया। भगवा कपड़े और गले में बड़ी माला पहनने लगे थे। यहां तक कि अपने स्टूडियो में प्रवचन भी देने लगे थे। हालांकि, जल्द ही उनका मोह ओशो से भंग हो गया और फिर से सांसारिक जिंदगी में लौट आए।

फिल्मों की बदौलत विजय आनंद ने दर्शकों के बीच खास जगह बनाई। फिल्म और एक्टिंग के अलावा वह अपनी पर्सनल लाइफ की वजह से भी सुर्खियों में रहे। खासतौर पर अपनी शादी को लेकर उन्हें काफी विवादों का सामना करना पड़ा। उन्होंने अपनी बड़ी बहन की बेटी यानी सगी भांजी से शादी करके तमाम रिवाजों को ताक पर रख दिया। बड़ी बहन की बेटी सुषमा से इस शादी पर पूरा परिवार उनसे नाराज हो गया। वहीं, समाज में भी हंगामा मच गया। 1978 में उनकी यह दूसरी शादी थी, जो उस समय काफी विवादों में रही थी। हालांकि, बाद में परिवार ने इस विवाह को स्वीकार कर लिया।

विजय आनंद ने हकीकत, कोरा कागज, मैं तुलसी तेरे आंगन की जैसी फिल्मों में अभिनय किया। एक दौरान ऐसा भी आया, जब विजय आनंद तनाव का शिकार हो गए थे। फिर वह आध्यात्म की ओर चले गए थे। 23 फरवरी साल 2004 में दिल का दौरा पड़ने से विजय आनंद का निधन हो गया। आज विजय आनंद हमारे बीच नहीं रहे, लेकिन उनकी अमिट छाप आज भी लोगों के बीच मौजूद है।



# मोटिवेशन से स्टूडेंट के अन्दर आगे बड़ने का जज्बा पैदा होता हैः एएसपी डण्डोतिया

**ग्वालियर।** नदी गेट पर ''सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल'' में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं एवं स्कूली स्टाफ को वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराध के संबंध में जानकारी देकर शुक्रवार को ग्वालियर पुलिस ने जागरूक किया। साथ ही बच्चों को आगे बड़ने के लिये मोटिवेट भी किया। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ''सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल'' में 150 स्टूडेंट एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

अति0 पुलिस अधीक्षक शहर (पूर्व/अपराध) राजेश डण्डोतिया ने छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध क्या होता है तथा वर्तमान समय में होने वाले साइबर अपराधों से सुरक्षित रहने के संबंध में जानकारी दी गई और ऑनलाइन फ्रॉड से कैसे बचा जाए इसके संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। उनके द्वारा उपस्थित स्टूडेंट को ऑनलाईन फ्रॉड से बचाव के तरीकों से भी अवगत कराया गया और बताया गया कि मोबाइल पर आने वाले किसी भी अंजान वीडियो कॉल या मैसेज लिंक को खोलकर न देखे और न ही अपनी व्यक्तिगत या बैंक संबंधी जानकारी किसी को दें। उन्होंने बताया कि आजकल साइबर फ्रॉड करने वाले लोग बिजली बिल के भुगतान संबंधी मैसेज भेजकर, क्रेडिट कार्ड/केवाईसी अपडेट करने तथा इनामी जीतने के नाम पर ऑनलाइन धोखाधड़ी कर रहे हैं। यदि आपके साथ कोई फ्रॉड हो जाता है तो तत्काल इसकी षिकायत पुलिस की साइबर क्राईम सेल में करनी चाहिए।

कार्यक्रम के दौरान एएसपी राजेश डण्डोतिया ने टीचर्स से कहा कि उन्हे अपने स्टूडेंट को आगे बड़ने के लिए मोटिवेट करना चाहिए, क्योंकि आपके प्रोत्साहन से स्टूडेंट के अन्दर आगे बड़ने का जज्बा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि जो स्टूडेंट पड़ाई करने के बाद भी अच्छे नम्बर नही ला पाते और असफलता से टूट जाते हैं उन्हें कई बार मोटिवेशन की जरूरत होती है, जिससे स्टूडेंट के अन्दर आगे बड़ने का जज्बा पैदा होता है। उन्होंने कहा कि जिंदगी में यदि आगे बड़ना है तो कभी भी किसी पर निर्भर मत रहो, क्योंकि मंजिल उन्हीं को मिलती है जो अपने पैरों पर खड़े होते हैं। उन्होंने मोटिवेशनल स्पीच देकर छात्र-छात्राओं को आगे बड़ने की प्रेरणा दी।

# ईमानदार आटो चालक का एसपी ने किया सम्मान

**ग्वालियर ।** विगत दिनों एक आटो चालक को नारकोटिक्स तिराहे पर एक जेवर से भरा हुआ पर्स सड़क पर पड़ा मिला था। जेवर से भरा पर्स देखकर भी आटो चालक का ईमान डगमगाया नही और उसके द्वारा ईमानदारी का परिचय देते हुए उक्त जेवर से भरे पर्स को पुलिस को दे दिया। पुलिस द्वारा पर्स मालिक की तलाश कर तस्दीक उपरान्त लगभग साड़े चार लाख रूपये के जेवर से भरे हुए पर्स को सुपुर्द किया गया। आटो चालक की ईमानदारी को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित सांघी द्वारा उसे अपने कार्यालय में बुलाकर प्रषस्ति पत्र एवं गिफ्ट देकर सम्मानित किया और उसे इसी प्रकार अपने कर्तव्य का निर्वहन करते रहने के लिये कहा।

ज्ञात हो कि बीती 21 फरवरी को दोपहर में आटो चालक को नारकोटिक्स तिराहे पर एक जेवर से भरा हुआ पर्स सड़क पर पड़ा मिला था। जेवर से भरा पर्स देखकर उसके द्वारा तुरन्त नारकोटिक्स तिराहे पर ड्यूटी कर रहे सउनि षिवकुमार जोशी, प्र.आर. बृहम्चारी, आरक्षक सत्यवीर, सैनिक विजयराम को सड़क पर मिले जेवर से भरे पर्स के संबंध में बताया। यातायात पुलिस के द्वारा गुम हुए जेवर से भरे पर्स के मिलने के संबंध में पुलिस कन्ट्रोल रूम को सूचना देकर उक्त पर्स को थाना मुरार पहुंचाया। थाना मुरार पुलिस द्वारा जेवर मालिक की तलाश की जा रही थी तभी एक दंपति थाने पहुंचा और अपना पर्स गुम होने की सूचना दी। पुलिस द्वारा पर्स मिलने का जानकारी देने पर उसकी खुशी का ठिकाना नही रहा। पुलिस द्वारा तस्दीक करने के उपरान्त उक्त जेवरात व पर्स को बेरजा निवासी रामवीर गुर्जर को सुपुर्द किया गया। पर्स मालिक द्वारा जेवर से भरा पर्स मिलने पर आटो चालक व ग्वालियर पुलिस का धन्यवाद दिया। पर्स मालिक रामवीर गुर्जर किसान है तथा वह अपने रिष्तेदार के यहां शादी में अपनी पत्नी व बच्चों के साथ जा रहा था और शादी में जाने से पहले वह मुरार स्थित ज्वेलर्स के यहां से बहन को देने वाले तथा अपनी पत्नी के लिए बनवाए जेवर उठाकर शादी में शामिल होने के लिए मोटर सायकिल से निकला था। अपने रिष्तेदार के यहां पहुंचने से पहले ही जेवर से भरा पर्स कहीं गिर गया था।



# रिश्वत लेते ईएसआई का लिपिक पकड़ा



**ग्वालियर।** मातृत्व अवकाश पर रूके हुये वेतन पचास हजार को निकालने के एवज में पांच हजार की रिश्वत मांगने के बाद आरोपी राज्य बीमा निगम के लिपिक शुभम गुप्ता को लोकायुक्त पुलिस ने आज दोपहर में धर दबोचा है। लोकायुक्त पुलिस एसपी रामेश्वर सिंह ने बताया कि आरोपी शुभम गुप्ता फरियादी सपना पाल से मातृत्व अवकाश पर रुके हुए वेतन की 50000 निकालने के एवज में 5000 की रिश्वत की मांग कर रहा था, आज जैसे ही आरोपी शुभम गुप्ता को फरियादी सपना पाल ने आज 5000 रूपये की रिश्वत राशि फालका बाजार स्थित कार्यालय पर दी वैसे ही पास खडी लोकायुक्त पुलिस की टीम ने आरोपी को रंगे हाथों धर दबोचा। लोकयुक्त टीम ग्वालियर की कार्यवाही जारी है। लोकायुक्त टीम में डीएसपी राघवेंद्र रिशेश्वर डीएसपी विनोद सिंह कुशवाह निरीक्षक कविंद्र सिंह चौहान निरीक्षक आराधना डेविस विवेचक निरीक्षक भरत सिंह किरार निरीक्षक ब्रजमोहन सिंह नरवरिया आरक्षक हेमंत शर्मा विनोद शाक्य प्रशांत कुशवाहा आरिफ खान नेतराम राजोरिया अमर सिंह गिल बलवीर सिंह किरार आदि शामिल थे।

# अशोकनगर में करीलाधाम पर तीन दिवसीय मेला 11 से 13 मार्च तक

**ग्वालियर।** अशोकनगर जिले में प्रतिवर्ष रंग पंचमी के अवसर पर करीला धाम स्थित माता जानकी मंदिर पर आयोजित होने वाला तीन दिवसीय विशाल मेला इस वर्ष 11 मार्च से 13 मार्च तक आयोजित होगा। मेले में आने वाले दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके पुख्ता प्रबंधन किए जाएँ। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह एवं एडीजी डी श्रीनिवास राव ने गूगल मीट के माध्यम से मेले की व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक की।




गूगल मीट के माध्यम से बैठक में मेले के आयोजन के संबंध में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। गूगल मीट के माध्यम से कलेक्टर अशोकनगर श्रीमती उमा माहेश्वरी, पुलिस अधीक्षक अशोकनगर रघुवंश भदौरिया, कलेक्टर विदिशा उमा शंकर भार्गव, पुलिस अधीक्षक विदिशा, चीफ इंजीनियर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी आर एल एस मौर्य, चीफ इंजीनियर विद्युत मंडल, लोक निर्माण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं एमपीआरडीसी के अधिकारी भी उपस्थित रहे। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह ने समीक्षा के दौरान कहा कि रंग पंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाले इस मेले में ब?ी संख्या में दर्शनार्थी शामिल होते हैं। अशोकनगर एवं विदिशा जिले से ज्यादातर दर्शनार्थी आते हैं, इसको देखते हुए अशोकनगर और विदिशा के अधिकारी आपसी समन्वय और सामंजस्य से सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप प्रदान करें। मेले में आने वाले दर्शनार्थियों के लिये वाहनों की पार्किंग, सुरक्षा, पेयजल का भी पुख्ता प्रबंधन किया जाए। मेले के दौरान साफ-सफाई की व्यवस्था भी चाक-चौबंद रहे। संभाग आयुक्त दीपक सिंह ने यह भी कहा कि मंदिर के बाहर एलईडी की व्यवस्था भी की जाए, ताकि लोग एलईडी के माध्यम से भी दर्शन लाभ प्राप्त कर सकें। मेले में सुरक्षा के लिये सीसीटीव्ही कैमरों का भी उपयोग किया जाए। पुलिस कंट्रोल रूम की भी स्थापना की गई। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि मेले में होने वाले राई नृत्य के लिये भी सभी प्रकार के प्रबंधन सुनिश्चित किए जाएं। एडीजी डी श्रीनिवास वर्मा ने कहा कि मेले में ब?ी संख्या में आने वाले सैलानियों को देखते हुए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए जायेंगे। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से भी? को नियंत्रित करने हेतु जगह-जगह पर बेरीकेटिंग का भी प्रबंध किया जाए। अशोकनगर और विदिशा जिले के अधिकारी समन्वय स्थापित करने के साथ-साथ मेला स्थल का भी साथ में भ्रमण कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप प्रदान किया। कलेक्टर अशोकनगर श्रीमती उमा माहेश्वरी ने मेले की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मेला आयोजन से पूर्व विद्युत सुरक्षा ऑडिट और फायर सुरक्षा ऑडिट भी कराया जायेगा। इसके साथ ही मेले में पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था एवं आवश्यक प्रबंधन कर लिए जायेंगे। कलेक्टर अशोकनगर उमाशंकर भार्गव ने भी बैठक में बताया कि करीला धाम पर आयोजित होने वाले मेले की सभी तैयारियों जिला स्तर से की जा रही हैं। मेले से पूर्व गत वर्षो की तरह इस वर्ष भी सभी प्रबंधन पूर्ण कर लिए जायेंगे।




# प्रदेश की छवि को कलंकित करने वाली कांग्रेस को जनता से माफी मांगनी चाहिएः जयभान

**ग्वालियर ।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ द्वारा प्रदेश को मंदिरा प्रदेश कहा जाने पर भाजपा महानगर ग्वालियर ने विरोध प्रदर्शन महाराज बाड़े पर किया। इस अवसर पर भाजपा महाराष्ट्र के प्रदेश सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया ने कहा कि मध्य प्रदेश को मंदिरा प्रदेश कहकर कमलनाथ जी ने प्रदेश को कलंकित और बदनाम करने का दुस्साहस किया है वहीं मध्यप्रदेश की करोड़ों जनता का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों के लाइसेंस निरस्त करने तक की बात की है उन्होंने कहा कि पहले मंदिर से शराब की दुकान की दूरी 50 मीटर की थी जिसे बड़ाकर 100 मीटर की गई है।

पवैया ने कहा कि क्या अहाते बंद होने का दर्द कांग्रेसियों को हो रहा है इसलिए जहां हमारे मुख्यमंत्री ग्लोबल समिट करके दुनिया भर के लोगों को बुलाकर राष्टों के अध्यक्षों को बुलाकर प्रदेश का मान बड़ा रहे हैं वहीं उन्होंने कहा कि प्रदेश की छवि को कलंकित करने वाली कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। इस प्रदर्शन में सांसद विवेक नारायण शेजवलकर भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश राजोरिया, भाजपा जिला संगठन प्रभारी अरुण चतुर्वेदी, जय सिंह कुशवाह, वेद प्रकाश शर्मा, बीज विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डा नितेश शर्मा के अलावा जिला पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गुजरात में प्रचंड विजय के पीछे सबसे बड़ी ताकत वहां की बूथ व्यवस्था का सशक्त होना थाः पवैया

**ग्वालियर।** गुजरात में प्रचंड विजय के पीछे सबसे बड़ी ताकत वहां की बूथ व्यवस्था का सशक्त होना था इसलिए वहां उम्मीदवार महत्वपूर्ण नहीं थे, संगठन महत्वपूर्ण था। यह बात मुखर्जी भवन में आयोजित भाजपा की जिला बैठक में भाजपा महाराष्ट्र के सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। श्री पवैया ने सोशल मीडिया को इस समय का सबसे बड़ा राजनीतिक शास्त्र बताते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर कार्यकर्ताओं को योद्धा की तरह सक्रिय रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर सरकार की नीतियों और योजनाएं आनी चाहिए। वहीं विरोधियों के द्वारा बनाए गए नैरेटिव का जवाब भी जाना चाहिए इसके लिए हमारे कार्यकर्ताओं को सजग और सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर्सनल एल्बम नहीं है इसका पार्टी हित में इस्तेमाल किया जाना चाहिए। उन्होंने विकास यात्राओं को सार्थक प्रयास बताते हुए कहा कि यात्राएं भाजपा की सरकार की उपलब्धियां बताने के लिए की गई थी। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सावधानी के साथ व्यक्ति केंद्रित ना होकर पार्टी केंद्रित बनाए जाएं। सांसद विवेक शेजवलकर ने कहा कि 60 से 70 प्रतिशत लोग प्रदेश की किसी ना किसी योजना के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई गई विकास यात्राओं के माध्यम से लोगों को बहुत लाभ हो रहा है जो लोग योजनाओं से वंचित रह गए थे उन्हें यात्रा के माध्यम से लाभान्वित कराया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा कि विकास यात्रा के माध्यम से हितग्राहियों से मिलने और उनका सम्मान करने का अवसर मिला। हितग्राही केंद्र व प्रदेश की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राही प्रसन्न हैं और भाजपा की सरकारों को धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लाडली बहन का 5 मार्च को पहला फार्म भरा जाएगा उसके बाद कार्यकर्ताओं के द्वारा टेंट लगाकर बहनों के फार्म भरवाए जाएंगे। मुख्यमंत्री लाड़ली बहन योजना प्रदेश की महिलाओं को सशक्त करने की योजना है इस योजना के माध्यम से हमारी बहनों को सीधा लाभ मिलेगा।




भाजपा वरिष्ठ नेता वेदप्रकाश शर्मा ने कहा कि हम सब संगठन के निष्ठावान कार्यकर्ता हैं अपने संगठन को व्यवस्थित और सुचारू रूप से चलाने के लिए अर्थ की आवश्यकता होती हैं। पार्टी संगठन अन्य स्त्रोतों से भी अर्थ की व्यवस्था कर सकता है, परंतु पार्टी के कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से यदि पार्टी संगठन अपनी गतिविधियों के लिए अर्थ एकत्रित करते हैं तो उसमें कार्यकर्ता और पदाधिकारी को गर्व की अनुभूति होती है। पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता संगठन के कार्य को अपना स्वयं का निजी कार्य समझ के करते हैं। जिससे पार्टी मजबूत होगी। भाजपा जिला संगठन प्रभारी अरुण चतुर्वेदी ने बूथ विस्तारक के बारे में सविस्तार बताया। उन्होंने कहा कि संगठन के विस्तार और उसकी मजबूती के लिए हमें बूथ पर जाना होगा। उसे सशक्त बनाना होगा। बूथ जीता तो चुनाव जीता। अगर हमारा बूथ मजबूत होगा तो आने वाले विधानसभा चुनावों में जीत होगी और फिर से हमारी सरकार बनेगी। इसलिए बूथों की सूची बनाएं और लक्ष्य तय करके उसके हिसाब से रणनीति बनाएं। मंच पर भाजपा प्रदेश सह प्रभारी जयभान सिंह पवैया सांसद विवेक नारायण शेजवलकर जिला अध्यक्ष अभय चौधरी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जयप्रकाश राजोरिया भाजपा वरिष्ठ नेता वेद प्रकाश शर्मा, जय सिंह कुशवाहा जिला संगठन प्रभारी अरुण चतुर्वेदी बीज विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल उपस्थित थे । बैठक में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मोर्चा प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारी मोर्चो के जिलाध्यक्ष, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक एवं पार्षद प्रत्याशी उपस्थित थे। संचालन जिला महामंत्री विनोद शर्मा ने किया एवं आभार जिला महामंत्री राजू सेंगर ने किया।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478